आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

• वर्ष- 16 अंक 301 - • जबलपुर • सोमवार, 5 दिसम्बर, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अगहन मास शुक्ल पक्ष-12 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## अरुणाचल के चांगलांग में भूकंप के झटके

**ईटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (ह्ृष्टस्) के अनुसार, भूकंप सुबह 07.04 बजे आया। इसकी तीव्रता 3.3 दर्ज की गई। भूकंप की गहराई 10 किमी थी। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।



## सिंगापुर में लालू का किडनी ट्रांसप्लांट

**पटना, एजेंसी।** सिंगापुर के अस्पताल में सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का किडनी ट्रांसप्लांट शुरू हो गया है। उनकी बेटी मीसा भारती ने फेसबुक पर लिखा है। अभी अभी पापा को सर्जरी के लिये ऑपरेशन थिएटर में पहुंचा कर आई हूं। थोड़ी देर में ऑपरेशन शुरू होगा। लालू को छोटी बेटी रोहिणी किडनी डोनेट कर रही हैं। उनका ऑपरेशन हो चुका है। ऑपरेशन से पहले रोहिणी ने लालू के साथ फोटो ट्वीट की। लिखा- रेडी टु रॉक एंड रोल। मेरे लिए इतना ही काफी है, आपकी खैरियत मेरी जिंदगी है। लालू के किडनी ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया 3 दिसंबर से शुरू हो गई थी। रोहिणी और लालू दोनों का ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है। सिंगापुर के माउंट एलिजाबेथ अस्पताल में लालू का ऑपरेशन हो रहा है।

## कोई भी गोली मार सकता है, खुली कार में नहीं घूम सकता

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने जान का खतरा जताया है। उन्होंने दावा किया है कि उनकी हत्या का जोखिम काफी ज्यादा है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि निश्चित तौर पर मैं किसी खुली कार में परेड नहीं कर सकता। मुझे ऐसे ही रहने दें। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से मेरे साथ कुछ बुरा होने की आशंका काफी ज्यादा है। यहां तक कि सचमुच मुझे गोली मारी जा सकती है। कार निर्माता कंपनी टेस्ला और अंतरिक्ष एजेंसी स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क अपने बयानों के कारण अक्सर विवादों में रहते हैं। हाल में ही उन्होंने ट्विटर को खरीदने के बाद बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छटनी भी की है।



संतों ने किया मताधिकार का प्रयोग

## गुजरात चुनाव का दूसरा चरण, शांतिपूर्ण मतदान जारी

# पीएम मोदी ने साबरमती में वोट डाला

## सड़क पर चलते हुए स्याही का निशान दिखाया

**अहमदाबाद/नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। उत्तर और मध्य गुजरात के 14 जिलों की 93 सीटों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। दूसरे फेज में करीब ढाई करोड़ मतदाता 833 कैंडिडेट्स की किस्मत का फैसला करेंगे। समाचार लिखे जाने तक 35 से 40 प्रतिशत मतदान हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद के राणिप इलाके में बने पोलिंग बूथ में मतदान किया। पीएम जब मतदान करने राणिप पहुंचे तो ढोल-नगाड़ों से उनका स्वागत किया गया। वहीं, पोलिंग बूथ में मतपेटी के पास एक महिला खड़ी थी तो उन्होंने अपनी बारी का इंतजार भी किया। वोटिंग के बाद पीएम ने बाहर



आकर स्याही का निशान भी दिखाया। इस दौरान चारों तरफ मोदी-मोदी के नारे गूंजने लगे। वोटिंग के बाद पीएम ने मीडिया से बात करते हुए कहा- गुजरात, हिमाचल और दिल्ली के मतदाताओं ने देश के नागरिकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं। इलेक्शन कमीशन को भी बधाई देता हूं। उन्होंने बहुत शानदार तरीके से पूरे विश्व में भारत के लोकतंत्र की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाली चुनावी परंपरा विकसित की है। इसका उत्तम उदाहरण इस इलेक्शन में नजर आया। उन्होंने गुजरात के लोगों की तारीफ करते हुए कहा कि गुजरात की जनता में सत्य को स्वीकारने का स्वभाव है। इसी स्वभाव के चलते वे लोकतंत्र के इस पर्व में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी का भाजपा कैंडिडेट पर आरोप- तलवारों से हमला किया वहीं, दांता से कांग्रेस प्रत्याशी कांतिभाई खराड़ी सुरक्षित मिल गए हैं। राहुल गांधी ने ट्वीट कर दावा किया था कि रविवार रात खराड़ी पर भाजपा के गुंडों ने तलवार से हमला किया।

## रीवा में हादसा कार में जिंदा जले दो ऑर्केस्ट्रा आर्टिस्ट

### ट्रांसफॉर्मर लोड ट्रक ने कार को 100 मीटर तक घसीटा

**रीवा, यशभारत।** रीवा के चोरहटा थाना इलाके के जेपी ओवरब्रिज के पास एक हौलनाक सड़क हादसे में दो कार सवार जिंदा जल गए। पुलिस के मुताबिक रविवार रात 2 बजे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। कार को 100 मीटर तक घंसीटते चला गया। कार में सीएनजी गैस किट होने की वजह से आग पकड़ ली। कार सवारों ने बचने के लिए मरते दम तक संघर्ष किया। बचने की जद्दोजहद में एक सवार का हाथ तक टूट गया। दोनों ऑर्केस्ट्रा आर्टिस्ट थे। कार की आग से ट्रक भी पूरी तरह जल गया। ट्रक ड्राइवर भाग निकला। कार में दोनों के कंकाल मिले। दोनों की



शिनाख्त हो गई है। आज सुबह कलेक्टर मनोज पुष्प, एसपी नवनीत भसीन, एएसपी अनिल सोनकर, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने भी जांच की है। ट्रांसफॉर्मर लोड ट्रक ने सामने से कार में टक्कर मारी। ट्रक कोर को घसीटते हुए 100 मीटर दूर तक ले गया। इसके बाद दोनों गाड़ियों ने आग पकड़ ली। ट्रक ड्राइवर पहले ही भाग निकला। ट्रांसफॉर्मर लोड ट्रक ने सामने से कार में टक्कर मारी। ट्रक कोर को घसीटते हुए 100 मीटर दूर तक ले गया। इसके बाद दोनों गाड़ियों ने आग पकड़ ली। ट्रक ड्राइवर पहले ही भाग निकला। कार और ट्रक साथ जलेचोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय ने बताया कि मृतकों की पहचान अमित अग्रवाल निवासी ढेकहा (रीवा) और छोटेलाल शुक्ला निवासी पैपखरा हाल निवास दुबारी (रीवा) के रूप में हुई है। दोनों नेशनल हाईवे-30 स्थित बाइपास के रास्ते रतहरा की ओर से जेपी मोड़ आ रहे थे। ट्रक सतना की ओर से प्रयागराज जा रहा था। कलेक्टर मनोज पुष्प, एसपी नवनीत भसीन, एएसपी अनिल सोनकर, सीएसपी शिवाली चतुर्वेदी, चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश पाण्डेय मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की है।

### क्या एनसीपी में शामिल होंगे शशि थरूर

## नाराजगी की खबरों के बीच कांग्रेस से कर सकते हैं किनारा!

**तिरुवनंतपुरम , एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर जल्द ही पार्टी से किनारा कर सकते हैं। इसको लेकर कयास भी लगाए जाने लगे हैं। खबर है कि शशि थरूर जल्द ही एनसीपी में शामिल हो सकते हैं। एनसीपी केरल अध्यक्ष पीसी चाको ने इस ओर इशारा भी किया है। कन्नूर में उन्होंने कहा, अगर कांग्रेस सांसद शशि थरूर एनसीपी में आते हैं तो हम गर्मजोशी से उनका स्वागत करेंगे। अगर कांग्रेस पार्टी उन्हें बाहर भी करती है तो भी वह तिरुवनंतपुरम से सांसद बने रहेंगे। पीसी चाको ने कहा, मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि थरूर को कांग्रेस को नजरअंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव के बाद से यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी में शशि थरूर को नजरअंदाज किया जा रहा है।



## जबरन धर्मांतरण के खिलाफ सुको में सुनवाई आज

### केंद्र सरकार को दाखिल करना है हलफनामा, कोर्ट ने कहा था- जरूरी कदम उठाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जबरन धर्मांतरण मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा था और उनसे इसे रोकने का प्लान पूछा था। कोर्ट ने केंद्र से हलफनामा मांगा था। सरकार आज इसे दाखिल कर सकती है। जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एडवोकेट



अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर की है। याचिका में धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाए जाने की मांग की गई है। या फिर इस अपराध को भारतीय दंड संहिता में शामिल करने की अपील की गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि यह मुद्दा किसी एक जगह से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूरे देश की समस्या है जिस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।धर्मांतरण को बहुत गंभीर मुद्दा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से इस मामले में दखल देने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि इस चलन को रोकने के लिए ईमानदारी से कोशिश करें। कोर्ट ने इस बात की चेतावनी भी दी कि अगर जबरन धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल परिस्थितियां खड़ी हो जाएंगीं।केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धर्म परिवर्तन के ऐसे मामले आदिवासी इलाकों में ज्यादा देखे जाते हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर ऐसा है तो सरकार क्या कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाने हैं, उन्हें साफ करें।

### फुटबॉल की दुनिया को मिला नया ब्लैक पर्ल

## 24 की उम्र में पेले और रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा

**दोहा, एजेंसी।** पिछले वर्ल्ड कप में फ्रांस की खिताबी जीत में 19 साल के किलियन एम्बापे का बड़ा रोल रहा था। बीते चार साल में वह फुटबॉल की दुनिया के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। रविवार को उन्होंने पोलैंड के खिलाफ राउंड ऑफ-16 के मैच में दिखाया कि वह क्यों इतने कीमती हैं। उन्होंने इस मैच में दो झन्नाटेदार गोल दागे और एक गोल दिग्गज ओलिविए जीरू ने किया। इन दो करिश्माई खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते फ्रांस ने पोलैंड को 3-1 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही एम्बापे ने फुटबॉल के च्ब्लैक पर्लज् पेले और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड चकनाचूर कर दिया। एम्बापे ने पेले-रोनाल्डो को छोड़ा पीछे, मेसी का रिकॉर्ड बराबर24 वर्ष कम उम्र में फुटबॉल वर्ल्ड कप में किलियन एम्बापे ने 9वां गोल दागा, जबकि सिर्फ 11वां मैच ही खेल रहे थे। दूसरी ओर, ब्राजील के महान पेले के नाम इस उम्र में वर्ल्ड कप में 7 गोल थे। वहीं, पुर्तगाल के महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने वर्ल्ड कप में 20 मैच में 8 गोल दागे हैं, जबकि एम्बापे अब उनसे एक कदम आगे हो गए हैं। अर्जेंटीना के मेसी के नाम 23 मैचों में 9 गोल हैं। यानी मेसी के रिकॉर्ड की भी बराबरी की है।



### फ्रांस ने पोलैंड को 3-1 से दर्ज की शानदार जीत

ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में ट्यूनीशिया से मिली हार से उबरते हुए फ्रेंच टीम ने इस बार चैंपियन की तरह खेल दिखाते हुए शानदार जीत हासिल की। जीरू ने 44वें और एम्बापे ने 74वें और 90+1वें मिनट में गोल किए। पोलैंड के लिए सांत्वना गोल उसके करिश्माई स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की (90+9वें मिनट) ने पेनल्टी पर किया। पहला हाफ खत्म होने के ठीक पहले स्टार फॉरवर्ड जीरू ने गोल दागा और वह फ्रांस के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर बन गए। उन्होंने थियरी ऑनरी को पीछे छोड़ दिया। एम्बापे ने बॉक्स के अंदर जीरू को गेंद दी जिन्होंने बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर रेकॉर्ड गोल दागा और फ्रांस को 1-0 से आगे कर दिया। जीरू ने डेंबेले को पास दिया जिन्होंने इसे एम्बापे की ओर किया।




### राजस्थान पहुंची भारत जोड़ो यात्रा

# राहुल के साथ चल रहे गहलोत-पायलट

**झालावाड़ , ईएमएस।** भारत जोड़ो यात्रा का राजस्थान में आज पहला दिन है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के क्षेत्र झालावाड़ से राजस्थान में एंट्री कर चुकी है। सोमवार सुबह करीब 6 बजकर 11 मिनट पर झालावाड़ के काली तलाई से यात्रा शुरू हुई। इस यात्रा में सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा साथ चल रहे हैं। राहुल गांधी ने सुबह 6.11 बजे यात्रा शुरू की। पहले दिन शुरुआती करीब डेढ़ घंटे की यात्रा के बाद राहुल गांधी झालरापाटन के रायपुर फाटक के पास स्थित एक ढाबे पर चाय पीने के लिए रुके। राहुल गांधी राजस्थान में यात्रा के पहले दिन 34 किलोमीटर का सफर तय करेंगे। अब तक भारत जोड़ो यात्रा में औसतन रोज 24 किलोमीटर का सफर तय होता है, लेकिन राजस्थान में अब स्पीड बढ़ाई जा रही है। यात्रा में कांग्रेस के



सभी खेमे एक साथ दिख रहे हैं। गहलोत-पायलट, दोनों के समर्थक पैदल चल रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा में सुबह सुबह राजस्थान की बहादुर बेटी देविका भी जुड़ीं। यह वही देविका जो 26/11 मंबई हमले के दौरान अपने पिता के साथ सीएसटी रेलवे स्टेशन पर थीं। आतंकी हमले में घायल भी हुईं। बाद में देविका ने अदालत में पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को पहचाना। उनकी गवाही उसे फांसी तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। सुबह-सुबह राहुल ने उनसे बात की। देविका ने कहा- राहुल देश के लिए यात्रा कर रहे हैं। राहुल गांधी यात्रा के दौरान आज चुनिंदा किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से बातचीत करेंगे। यात्रा के दौरान ही हमेशा की तरह इनसे बातचीत होगी। वहीं, यात्रा के दौरान किसानों और आम लोगों से भी बात करेंगे। उनकी समस्या सुनेंगे। राहुल गांधी किसानों और आम लोगों की समस्याओं को यात्रा के दौरान उठाते रहे हैं।

### राहुल गांधी ने दिया जय सियाराम का नारा

राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के आगर मालवा में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान कहा था कि संघ वाले जय श्री राम बोलते हैं, न कि जय सियाराम। वहां कोई च्सीताज नहीं है। उन्होंने सीता को बाहर रखा है, क्योंकि वे सीता की पूजा नहीं करते हैं। राहुल ने जय सियाराम और जय श्री राम में फर्क भी बताया था। राहुल ने कहा कि जय सियाराम का अर्थ है कि सीता जी और राम जी एक ही हैं। जब आरएसएस में कोई महिला शाखा नहीं है तो वे यह नारा कैसे दे सकते हैं। यह सियाराम का संगठन नहीं है। वहां कोई सीता नहीं है। उन्होंने सीता को बाहर रखा है। मेरा आरएसएस के दोस्तों से अनुरोध है कि जय श्री राम के साथ-साथ जय सियाराम और हे ।

### कर्नाटक में भड़क सकते हैं दंगे, महाराष्ट्र के मंत्रियों के आने पर विवाद की आशंका

**बैंगलुरु, एजेंसी।** महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच चल रहा सीमा विवाद हिंसक मोड़ ले सकता है। दक्षिण भारतीय राज्य के खुफिया विभाग ने महाराष्ट्र के मंत्रियों की राज्य में एंट्री पर रोक की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि मंत्रियों के राज्य में आने पर दंगा भड़क सकता है। खबर है कि शनिवार राज्य पुलिस को यह रिपोट दी गई है। दोनों राज्यों के बीच सीमा को लेकर विवाद 1980 के समय से जारी है। रिपोर्ट में बेलगावी जिला प्रशासन और खुफिया विभाग ने सरकार और पुलिस के सामने रिपोर्ट पेश की है। इसमें मंत्रियों के दौरे पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है ताकि राज्य में कानून व्यवस्था को सुनिश्चित किया जा सके। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि भले ही महाराष्ट्र यह कहे कि उनके मंत्री महाराष्ट्र समर्थक समूह से नहीं मिलेंगे और तय कार्यक्रमों में शामिल होंगे तब भी बेलगाबी में दंगे और विरोध प्रदर्शन हो सकते हैं।

# पनागर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को एक साथ 5 सड़कें

## महापौर जगत बहादुर सिंह एवं विधायक सुशील तिवारी इन्दू, ने निर्माण कार्यो का भूमिपूजन नन्हीं कन्याओं से कराकर कराया प्रारंभ



जबलपुर, यशभारत । पनागर विधान सभा क्षेत्र के 6 वार्डो में रहने वाले लगभग 60 हजार से अधिक नागरिकों को एक साथ 5 सड़कों और 1 व्यवस्थित जल निकसी के लिए नाली की सौगात मिलेगी। इसके लिए आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' एवं पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुषील तिवारी इन्दू ने नन्हीं कन्याओं से उक्त सभी अद्योसंरचना एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन कराकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया। भूमिपूजन के मौके पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि सभी क्षेत्रीय नागरिकों के साथ-साथ सम्माननीय जनप्रतिनिधियों की मॉग पर दोनो विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्डो में रहने वाले नागरिकों को राहत पहुॅचाने एवं सुगम आवागमन तथा जल निकासी के लिए 2 करो? 4 लाख रूपये की राषि स्वीकृत की गयी। जिसके अंतर्गत आज उक्त स्वीकृत राषि से विकास कार्यो को प्रारंभ कराकर क्षेत्रीय वार्डो में रहने वाले समस्त नागरिको को अनेक विकास कार्यो की सौगात प्रदान की गयी है। इससे 6 वार्डो में रहने वाले नागरिकों के अलावा आस पास के क्षेत्रीय आवादी को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विधायक सुषील तिवारी अन्नू ने बताया कि नया वार्ड क्र. 75 शहीद बिरसामुण्डा के अंतर्गत महाराजपुर शंकर टोला से पटैल नगर से मैत्री नगर जाने वाला मुख्य मार्ग के किनारे आर.सी.सी. नाली, नाला, कवर्ड नाला एवं पुलिया निर्माण कार्य लागत 70 लाख 54 हजार, संभाग क्र 15 के अंतर्गत नया वार्ड क्र 78 महर्षि वाल्मीकि वार्ड के अन्तर्गत बगिया टोला नयी पानी की टंकी के पास से झंडा चौक तक क्षतिग्रस्त मार्ग का डामलीकरण स?क निर्माण कार्य लागत 17 लाख 5 हजार, एवं वार्ड क्र. 72 दादा ठनठनपाल वार्ड, 73 भगवान परशुराम वार्ड पाटन वायपास जाने वाले मार्ग से मानस चौक तक डामलीकरण सड़क निर्माण कार्य, 76 गुरु गोविन्द सिंह वार्ड मड़ई में मरघटाई से होते हुए पंचायत भवन की ओर क्षतिग्रस्त सी.सी. सड़कों का डामलीकरण कार्य एवं 77 संत रविदास वार्ड सुहागी अंतर्गत महेन्द्र टावर के पास प्रोफेसर ग्राउण्ड के बाजू से क्षतिग्रस्त सी.सी. सड़क पर डामलीकरण स?क निर्माण कार्य लागत 1 करो? 27 लाख रुपये, की लागत से डामलीकरण स?क एवं नाला-नाली का निर्माण कराया जायेगा। इससे यहॉ के नागरिकों को सुगम आवागमन करने के साथ-साथ घरों के पानी की निकासी भी सुगमतापूर्वक हो सकेगी। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सभी निर्माण कार्यो को पूर्ण कराकर यह सौगात नागरिकों को समर्पित की जायेगी।

## जल निकासी के लिए आर.सी.सी. नाला की मिली सौगात

## नये साल में लग सकता है नया करंट

# 4 फीसदी तक महंगी हो सकती है बिजली

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को नये साल में बिजली का नया झटका देने की तैयारी है. बिजली कंपनी बिजली के दाम बढ़ाने का प्लान कर रही हैं. कंपनियों ने टैरिफ याचिका दायर कर दी है. बिजली के दाम 3.4 फीसदी बढ़ाने की मांग की है. विद्युत कंपनियों की याचिका पर 6 दिसंबर को विद्युत नियामक आयोग सुनवाई करेगा.मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी सहित तीनों विद्युत वितरण कंपनियों ने मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में एक याचिका दायर की है. इस याचिका के जरिए बिजली कंपनियों ने मध्यप्रदेश में बिजली के दाम 3.4 फीसदी ब?ाने की मांग की है. याचिका में कहा गया है मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनियों को साल 2023-24 में बिजली कंपनियों को 49 हजार 500 करो? रुपए के राजस्व की जरूरत है. इसमें कुल आय और व्यय के लिए 1500 करो?ें रुपए की और जरूरत पड़ेगी यानी बिजली कंपनियों को आने वाले साल में 1500 करो? का घाटा लगेगा. बिजली कंपनियों ने घाटे की भरपाई उपभोक्ताओं से करने की मांग की है. याचिका के जरिए कहा गया है आगामी सत्र में बिजली के दाम 3.4 फीसदी बढ़ाए जाएं. विद्युत कंपनियों की याचिका पर 6 दिसंबर को विद्युत नियामक आयोग सुनवाई करेगा. नियमों के मुताबिक सुनवाई के बाद विद्युत नियामक आयोग आम उपभोक्ता से याचिका पर आपत्ति भी बुलाएगा. बहरहाल अगर सब कुछ बिजली कंपनियों के मन मुताबिक रहा तो आने वाला नया साल बिजली के आम उपभोक्ताओं के लिए महंगाई की एक और मार लेकर आएगा।



**बिजली कंपनियों की वजह से नुकसान**

लगातार कई साल से बिजली कंपनियां अपना घाटा दर्शाते हुए हर साल बिजली के दाम में वृद्धि की मांग करती हैं. बिजली के मामलों में जानकार बताते हैं कि हर साल बिजली महंगी करने की आवश्यकता दरअसल कंपनियों के गलत काम का नतीजा है. क्योंकि बिजली कंपनियों ने कई हजार करोड़ों के ऐसे परचेज एग्रीमेंट भी कर रखे हैं जिसमें सरकार ने 1 रुपये बिजली खरीदी तो नहीं है लेकिन हजारों करोड़ का भुगतान हर साल कर रही हैं. अगर बिजली कंपनियां लाइन लॉस कम करें तो बेशक बिजली के दामों में वृद्धि करने की जरूरत ना पड़े.बिजली कंपनियों ने घाटे की भरपाई उपभोक्ताओं से करने की मांग की है. याचिका के जरिए कहा गया है आगामी सत्र में बिजली के दाम 3.4 ?ीसदी बढ़ाए जाएं. विद्युत कंपनियों की याचिका पर 6 दिसंबर को विद्युत नियामक आयोग सुनवाई करेगा. नियमों के मुताबिक सुनवाई के बाद विद्युत नियामक आयोग आम उपभोक्ता से याचिका पर आपत्ति भी बुलाएगा. बहरहाल अगर सब कुछ बिजली कंपनियों के मन मुताबिक रहा तो आने वाला नया साल बिजली के आम उपभोक्ताओं के लिए महंगाई की एक और मार लेकर आएगा।

## बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर विचार गोष्ठी कल

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय संविधान के निर्माता, परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर 6 दिसंबर को बहुजन समाज पार्टी जबलपुर जिला ईकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थान बस स्टेंड पनागर डॉ अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समय 11 बजे से विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है, आप सभी जबलपुर जिले के ग्रामीण, शहर के, आठों विधानसभाओं के पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं समर्थक साथियों से अपील है की 6 दिसंबर को भारी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा अच्छेलाल कुशवाहा जी (प्रदेश उपाध्यक्ष होंगे कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील वरिष्ठ बसपा नेताओं में राकेश चौधरी मानक लाल गोटिया जिलाध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार दिनेश कुशवाहा राकेश समुद्रे जानकी प्रसाद डॉ सत्यपाल राजमणि साकेत एडवोकेट राकेश चौधरी नरेंद्र चौधरी जवाहर अहिरवार डबल चौधरी एसपी मलिक लक्ष्मण समुंद्र आदि ने की।



## गीता करती हैं कार्यकर्ता भाव का जागरण

# नरसिंह मन्दिर में गीता जयन्ती

**जबलपुर, यशभारत।** श्रीमद्भागवत गीता परम पुरूषोत्तम साक्षात् भगवान श्री कृष्ण की दिव्य वाणी है । हरि का नाम स्मरण मात्र से पापों का नाश होता है । ऋषि मुनियों, संत महात्माओं के साथ घर घर गीता का पाठ अनिवार्य रूप में होना चाहिए । मन की चंचलता को शांत करने के लिए गीता से अच्छा कोई भी ग्रंथ नहीं है, मन की शांति, मोक्ष, धर्म और भोग की प्राप्ति सिर्फ गीता का सतत चिंतन मनन करना चाहिए ।गीता का एकमात्र उद्देश्य कार्यकर्ता भाव का जागरण करना है, क्योंकि कार्य करने वाले श्री कृष्ण है हम मात्र संपादन कर रहे हैं । नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंदास ,महामंडलेश्वर श्री केशव दास , अशोक तिवारी राष्ट्रीय संयोजक विहिप, कुलपति प्रो कपिल देव मिश्र, प्रो वीणा तिवारी, प्रो डा राधिका प्रसाद मिश्र, प्रो गायत्री सिन्हा, आचार्य वासुदेव शास्त्री, ईश्वरी प्रसाद तिवारी,श्री बालकदास जी महाराज, श्री हनुमान दास महाराज, डॉ वी के डांग ने कहे इस अवसर पर डा प्रदीप दुबे, श्याम साहनी, इंद्रमोहन भाटिया, गुलशन मखीजा, वेद प्रकाश जी, रमा शंकर कटारे, राममूर्ति मिश्रा, डा रमेश बसेडिया, भोला राम खत्री, गुलशन राय चक्रवर्ती, डॉ एच पी तिवारी, विष्णु पटेल, प्रवेश खेड़ा, डॉ संदीप मिश्रा, जगदीश साहू, मनोज नारंग , विध्येश भापकर, राजेंद्र यादव, मनोज यादव, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त जनों ने आरती की । कंठस्थ गीता पठन-पाठन और सस्वर पाठ के 50 से अधिक बच्चों को सम्मानित किया गया ।

## यातायात में बाधक अस्थाई अतिक्रमणों के ठेले, टपरे जप्त*

**जबलपुर,यशभारत।** नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते द्वारा निरंतर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि आज छोटी लाइन फाटक गोरखपुर जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत लेफ्ट टर्न एवं बंदरिया तिराहा ग्वारीघाट रोड एवं यातायात में बाधक ठेले टपरे को जप्त करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस कार्यवाही में लगभग 20 ठेले जप्त किए गए। कार्रवाई के समय अपर आयुक्त आर. पी. मिश्रा, सहायक आयुक्त श्रीमती शिवांगी महाजन, तहसीलदार गोरखपुर राजेंद्र शुक्ला, थाना प्रभारी गोरखपुर शिव सिंह बघेल तथा पुलिस बल एवं अतिक्रमण के दल प्रभारी नरेंद्र कुशवाहा, राजू रैकवार, अनंत मिश्रा, लक्ष्मण कोरी, वीरेंद्र मिश्रा, एहसान खान, इमरान खान, सहायक दल प्रभारी हरीश तिवारी, टी. नारायण राव एवं अतिक्रमण की टीम उपस्थित रही।



# दत्त मंदिर में लवकुश की रामायण के मंचन की यादगार प्रस्तुति

**जबलपुर, यशभारत।** श्री दत्त भजन मंडल में श्री दत्त जयंती उत्सव नामसप्ताह के तिसरे दिन भी सुबह गुरुचरित्रग्रंथ का पारायण किया गया. सायंकालीन महाआरती मे श्री रिंकू विज, अध्यक्ष नगर निगम, डॉ. संजय चौधरी अध्यक्ष भाजपा बुद्धजीवी प्रकोष्ट, विलास ताम्हनकर, अरुण गायकी, अशोक जोशी, गिरीश खेर, मृदुला साने, मराठी ज्येष्ठ नागरिक महामंडळ, रामदास सेवा समिती, शारदा भजन मंडळ, सदुरु सेवा समिती, मंडळ के सदस्य शामिल हुए, इसी श्रृंखला मे रात्री च्लवकुश की रामायण नृत्य नाटिका की प्रस्तुती नवनृत्यांजली अकॅडमी समूह द्वारा दि गई. नाटिका मे भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र के प्रमुख अंश को प्रदर्शित किया गया. नृत्य नाटिका के कलाकार थे आरुषि बक्शी, परिधि जैन, अंशिका विश्वकर्मा, सुहानी किचनकर भव्य सिंह राठौर, अक्षदा पहाड़िया, अदिति ठाकुर आराध्या सिंघाई, कृपांशी गौर,वैदेही जैन, लावण्या जैन , अलीशा जैन, अहाना जैन, अलभ्या नागपुरे,प्रण्या ठाकुर, शगुन सराफ, वर्धिका जैन वर्णिका साहू.नृत्य नाटिका का निर्देशन भैरवी विश्वरूप द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती विणा खेर ने किया. इस अवसर पर माधव गोसावी,अनिल राजुरकर, अजय फाटक, मुरलीधर पाळंदे मनीष वैद्य भावना काळे श्रीपाद परांजपे, यशवंत चितळे,डॉ संजय वैशम्पायन, सौ चित्रा ताम्हणकर,मनीषा भावे, स्नेहा आठले, विकास ढोले आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# वीरेंद्र कुमार को पावर लिफ्टिंग में रजत पदक

**जबलपुर यशभारत।** जी सी एफ में कार्यरत वीरेंद्र कुमार कोल ने राज्यस्तरीय पावर लिफ्टिंग स्पर्धा में 59 किलो समूह में दूसरा स्थान प्राप्त किया। ओलंपिक ग्राउंड छिंदवाड़ा में आयोजित राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में विरेंद्र कुमार कोल ने बेंच लिफ्ट में 105 किलो वाट लिफ्ट में 187.5 किलो तथा डेड लिफ्ट में 230 किलो कुल 522 किलो भार उठाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देकर स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। वीरेंद्र कोल जीसीएफ के विद्युत विभाग में कार्यरत हैं।उनकी इस उपलब्धि पर जीसीएफ मजदूर संघ हथोड़ा के अध्यक्ष मिठाईलाल रजक रोहित यादव राजा पांडे अमित चंदेल ,पार्थ ओझा, बीरबल सिंह, आशीष विश्वकर्मा, रितेश बेन अमित गुप्ता राहुल गुप्ता उत्तम विश्वास और बीपीएमएस मिले हाथ के अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल राकेश रजक राजेंद्र वर्मा मनोज धर्मजन संदीप कटरे अजय शंकर कुवर अभिषेक साहू अनिल साहू जगदीश गुप्ता गौरीशंकर परमजीत आदि ने बधाई देते हुए हर्ष जताया साथ ही अपने साथी का निर्माणी प्रवेश पर भव्य स्वागत की घोषणा की है।



# विधायक रोहाणी ने किए मुनिसंघ के दर्शन एवं पाद पूजन

**जबलपुर, यशभारत। संत शिरोमणी आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अहम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्य सागर एवं मुनि श्री चंद्रसागर की भव्य मंगल आगवानी जबलपुर शहर की उपनगरी रांझी में आज प्रात: 9 बजे भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इसके पूर्व सिविल लाइन में केंट विधायक अशोक रोहाणी में मुनिश्री के दर्शन किये एवं चरण प्रक्षालन, पद विहार किया।**

मुनिद्वय का विगत दिवस बरेला से राम कथा का भव्य आयोजन सम्पन्न होने के पश्चात पद विहार हुआ था। मुनिसंघ की जबलपुर में आगवानी को लेकर जैन समाज में भारी उत्साह का माहौल है। जिसके लिए व्यापक रूप से तैयारी की गई है। उक्त कार्यक्रम में संपूर्ण जैन समाज जबलपुर के साथ ही साथ आसपास से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित होंगे। उल्लेखनीय है कि अर्हम ध्यान और योग की नई विधाओं के जन्म देने वाले मुनिश्री मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज का जन्म फिरोजाबाद उत्तरप्रदेश में हुआ था। 23 वर्ष की छोटी सी उम्र में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से मुनि दीक्षा लेने के बाद इस वर्ष मुनि दीक्षा के 25 वर्ष पूरे हो गए है। मुनि श्री हिंदी के साथ अंग्रेजी संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओं के महान ज्ञाता हैं उन्होनें अपनी लेखनी से बहुत बड़े बड़े ग्रंथों की रचना की है। विगत वर्ष मुनिश्री के सानिध्य में दिल्ली के लाल किले पर अर्हम ध्यान योग का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ था, जिसमे पूरे देश से हजारों ध्यान योग प्रेमियों ने हिस्सा लिया था। मुनिसंघ का शीतकालीन प्रवास रांझी जबलपुर में होने की संभावना है जिसके अंतर्गत रांझी में एक विशाल महोत्सव भी सम्पन्न होगा।



**रांझी में हुई मुनिश्री प्रणम्य सागर की भव्य आगवानी**

इस अवसर पर विधायक अशोक रोहाणी, सचिन जैन सहारा, सतीश जैन,सतीश जैन, प्रदीप जैन, नीरज जैन, अप्पू जैन, संजय गुड्डा, विनय जैन, नितिन जैन, मिंटू जैन, तापस, शैलू अमित, सचिन मामा सौरभ, अभिषेक, श्रीमति अनीता श्रीमति दीपशिखा श्रीमति मीना, श्रीमति मुक्ति, श्रीमति लाली, श्रीमति प्रेम बहनजी श्रीमति शिप्रा सहित समाज के सभी प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। भारतीय अखिल भारतवर्षीय महिला परिषद मननमति शाखा रांझी द्वारा आज मुनि श्री प्रणम्य सागरजी महाराज एवं मुनि श्री चंद्र सागर जी महाराज की भगवानी करने का अवसर मिला।



## इंद्रमोहन भाटिया पंजाबी महासंघ जबलपुर के पुन : अध्यक्ष

**जबलपुर, यशभारत।** राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ के जोन क्रमांक 1 जबलपुर की वार्षिक आम सभा एवं अगले कार्यकाल के लिए चुनाव संपन्न हुए । पंजाबी महासंघ जबलपुर के वर्तमान अध्यक्ष इन्द्र मोहन भाटिया को समाज के सभी वरिष्ठ जनों एवं आजीवन सदस्यों ने एक मतेन हो पुनः जवाबदारी संभालने के लिए आग्रह किया और उन्हें अपना अध्यक्ष चुना । कार्यक्रम में महासंघ के संरक्षक निर्मल राज भाटिया, रिंकू विज अध्यक्ष नगर निगम, राकेश कोहली, निखिल पाहवा, राजेश चंडोक, श्रीमती नीता चावला अध्यक्ष महिला समिति, श्रीमती नमृता भाटिया , श्रीमती नीता नारंग , श्रवण मारवाह, पवन शर्मा , क्रांति अरोरा , प्रदीप अहूजा एवं बड़ी संख्या में समाज के आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव राजेश भाटिया एवं आभार प्रदर्शन अरविंद नैय्यर ने किया ।



# मकान खरीदने नहीं मिल रहा कर्ज

**कर्मचारी जगत**

**जबलपुर, यशभारत।** अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संरक्षक योगेन्द्र दुबे, जबलपुर जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है की सरकारी कर्मचारियों को आज आवास खरीदने का कर्ज नहीं दिया जा रहा है इस लिए हजारों अधिकारी और कर्मचारी अपना स्वयं का मकान नहीं खरीद पा रहे है, विगत वर्षो यह कर्ज दिया जाता था,जिससे अनेक कर्मचारीयों ने अपने स्वय के मकान ले लिए है,आज हजारों कर्मी किराए के मकान में ही रहते जीवन यापन गुजर बसर कर रहे है। शासन द्वारा प्रदेश के अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा करते समय स्वयं का आवास खरीदने के लिए कर्ज दिया जाता था, कर्ज की वसूली ब्याज सहित अधिकारियों और कर्मचारियों के मासिक वेतन से वसूल किया जाता था । आज यह कर्ज देना विभागों ने बंद कर दिया है। मध्य प्रदेश शासन के अनेक कर्मचारियों के पास उनके आवास नहीं है , कर्ज बंद होने के कारण कर्मचारी स्वयं का मकान नहीं खरीद पा रहा है, जबकि भारत सरकार की सोच के अनुसार समस्त व्यक्तियों को स्वयं के आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं सरकारी कर्मचारी होने के कारण इन व्यक्तियों को भारत सरकार की योजना के अंतर्गत मिलने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है, सरकारी अधिकारी और कर्मचारी होने के कारण भारत सरकार की योजनाओं से दूर रखा गया है, इन्हे सरकार की लाभ कारी योजना का लाभ नहीं दिए जाता हैं मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष नरेश शुक्ला, मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेश के जिलाध्यक्ष विश्वदीप पटेरिया,मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा, मध्य प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संजय गुजराल, मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, मध्य प्रदेश डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष देव दोनेरिया, मध्य प्रदेश अजाक्स के जिला अध्यक्ष योगेश चौधरी, मध्य प्रदेश आई टी आई तक. कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रशांत सोंधिया, मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि दहायत, मध्य प्रदेश कृषि विभाग के अध्यक्ष एस. के. वांदिल,वाहन चालक संघ के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, सपाक्स अध्यक्ष प्रदीप पटैल, समयपाल संघ के अध्यक्ष मुकेश मरकाम ,योगेन्द्र मिश्रा, सतीष उपाध्याय, विनय नामदेव, अर्जुन सोमवंसी ,दुर्गेश पांडे,ब्रेजेस मिश्रा,संदीप नेमा,नरेंद्र सैन, रजनीश पाण्डे ने समस्त विभाग प्रमुखों से शासकीय कर्मचारियों को आवास ,चार पहिए वाहन खरीदने कर्ज दिलाने की मांग की है।

## बाबुओं का काम कर रहे अन्य कैडर के कर्मचारी

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने आरोप लगाया कि प्रदेश में हजारों बाबुओं के पद रिक्त हैं, तथा उनका वेतनमान भी कम है द्य बाबुओ के लिपीकीय कार्य करने हेतु अन्य कैडर के कर्मचारी अपना मूल कार्य छोड़कर चमचागिरी के चलते अधिकारियों की मेहरबानी से शासन को चुना लगा रहे हैं। चाहे शिक्षा विभाग हो, कौशल विकास विभाग, तकनीकी शिक्षा, लोक निर्माण विभाग या अन्य कोई सभी में यही हाल है। वर्तमान में 1900 ग्रेड पे वाले बाबू का लिपीकीय कार्य करने हेतु 2400 से 5400 ग्रेड पे वाले कर्मचारी लालायित हैं और अधिकारियों की मेहरबानी से उनकी इक्षाएं पूरी हो रही है। अधिकारियों की मेहरबानी के चलते अन्य केडर के कर्मचारियों को लिपीकीय कार्य हेतु संलग्न किया जा रहा है या पद सहित स्थानांतरण या अथवा पद सस्वविकृत कर लिपीकीय कार्य कराया जा रहा जिससे उनका मूल कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है शासन से अपील है की लिपीकीय/ कार्यालयीन कार्य अन्य कैडर से ना कराये जाए इस संबन्ध मे स्पष्ट आदेश जारी किये जाएद्ध संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, हेमंत ठाकरे, शहीर मुमताज आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि प्रदेश के नियमित सहायक शिक्षकों को पदनाम पदोन्नति शीघ्र दी जाए।

# सीओडी में भर्ती परीक्षा में उमड़ा उम्मीदवारों का रेला

## मटेरिअल असिस्टेंट के पद हेतु पंहुचे हजारों युवा

**डिपो कर्मचारियों को दो दिन की छुट्टी**

**जबलपुर यशभारत** ।शहर के सेन्ट्रल आर्डनेंस डिपो मे मटेरियल असिस्टेंट के पद की लिखित परीक्षा में हिस्सा में शामिल होने के लिए हजारों की संख्या में उम्मीदवार भरी ठंड में सुबह 5बजे से पंहुच गये हैं ।जानकारी के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया दो दिन चलेगी ।इसको लेकर सीओडी प्रशासन ने सिविल कर्मचारियों के लिए दो दिन की छुट्टी दे दी है ।इस भर्ती परीक्षा को लेकर सीओडी कर्मचारियों में तरह तरह की चर्चा है ।जानकारों का कहना है कि पहले भी सीओडी में भर्ती और उसके लिए परीक्षाएं हुई हैं ।लेकिन कभी डिपो को बंद नहीं किया गया किन्तु इस बार किन कारणों से कर्मचारियों को अवकाश दे दिया है यह सोच से परे है ।कहा जा रहा है कि इसमें अधिकारियों द्वारा लेनदेन का लंबा खेल खेला जा रहा है जिसको कर्मचारियों की नजर से दूर रखा जा रहा है। बताया जाता है कि देश भर के सभी आयुध डिपो में मटेरियल असिस्टेंट के करीब साढ़े चार सौ पदों की रिक्तियां भरी जाना है ।इसके लिए पूरे देश से करीब पांच लाख आवेदन आये थे ।जिनमें लाखों उम्मीदवारों को आवेदन पत्र की छंटाई में ही बाहर कर दिया गया है ।शेष उम्मीदवारों को देश के विभिन्न आयुध डिपो में बनाए गए लिखित परीक्षा केंद्र में बुलाया गया है ।सूत्रों के अनुसार सीओडी में पांच हजार से उम्मीदवार परीक्षा देने के लिए आये हैं ।सीओडी की यूनियनों के नेताओं ने डिपो प्रशासनद्वारा अपनाई जा रही प्रक्रिया के बारे में अनभिज्ञता प्रकट करते हुए भर्ती प्रक्रिया पर आश्चर्य जरूर जताया है ।उनका कहना है कि अभी तक के ज्ञात इतिहास में ऐसा नहीं हुआ है कि भर्ती के लिए डिपो बंद किया गया हो ।इस संबंध में डिपो प्रशासन से संपर्क का प्रयास किया गया ।लेकिन किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया।

# डुमना नेचर पार्क जबलपुर में मध्य प्रदेश का पहला नगरीय कैंपिंग फेस्टिवल

**जबलपुर, यशभारत।** डुमना नेचर पार्क में जबलपुर कैंपिंग फेस्टिवल का प्रथम संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश के किसी भी नगर निगम व नगरीय क्षेत्र में होने वाला यह अपने प्रकार का पहला कैंपिंग फेस्टिवल है। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन एवं सेफ टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर विमेन के तत्वावधान में एवं नगर निगम जबलपुर, एसआईएचएम जबलपुर, नगरीय प्रशासन- जे ए टी सी सी, जबलपुर के सहयोग से पिंकपल्प फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित किया गया।

आयोजन में लगभग डेढ़ सौ प्रतिभागियों ने प्रकृति के बीच में रहकर प्राकृतिक सौंदर्य को समझने एवं महसूस करने का आनंद लिया। गौरतलब है कि डुमना नेचर पार्क को एशिया के दूसरे सबसे बड़े नगरीय वन क्षेत्र होने का गौरव प्राप्त है। डुमना नेचर पार्क में 300 से अधिक प्रजातियों के पक्षी, 2000 से अधिक चीतल, अनेक प्रकार के वृक्ष व पौधे एवं 11 तेंदुए प्राकृतिक रुप से मौजूद हैं। प्रकृति की इस संपदा को संरक्षित करने हेतु एवं प्रकृति के बारे में शिक्षा प्रदान करने हेतु जबलपुर के नागरिकों एवं अन्य पर्यटक को हेतु जबलपुर कैंपिंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने इसमें भाग लिया।





## जबलपुर कैंपिंग फेस्टिवल का उद्घाटन

जबलपुर कैंपिंग फेस्टिवल का उद्घाटन प्राकृतिक वातावरण को देखते हुए प्राकृतिक रूप से किया गया। आयोजन का शुभारंभ एवं उद्घाटन महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नूज्ज द्वारा किया गया। उद्घाटन में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के डायरेक्टर श्री मनोज कुमार सिंह, मध्य प्रदेश टूरिज्म के रीजनल मैनेजर श्री केएल पटेल, एसआईएचएम के प्रिंसिपल श्री द दविंदर सोधी,पूर्व नगर निगम कमिश्नर श्री वेद प्रकाश शर्मा व आयोजन संस्था पिंकपल्प फाउंडेशन से रुद्राक्ष पाठक मौजूद थे। जेएटीसीसी से श्री हेमंत सिंह का खास योगदान रहा।कैंप में हुई गतिविधियां।कैंप में अनेक गतिविधियों का आगंतुकों ने आनंद लिया। सीनियर माउंटेनियर श्री संजय यादव जी द्वारा कैंपिंग टेंट सेटअप कराना सिखाया गया।इसके उपरांत सभी अपने-अपने कैंप के इर्द-गिर्द बोनफायर के पास बैठकर परिवार एवं मित्रों के साथ सुखद समय व्यतीत करने लगे। कैंपिंग में खास आकर्षण का केंद्र बना रहा एस्ट्रो-टूरिज्म हेतु लाया गया टेलिस्कोप। इस टेलीस्कोप से न केवल विभिन्न सितारों व ग्रहों को दिखाया गया बल्कि एस्ट्रोनॉमी व तारों के बारे में आकर्षक जानकारियां लाइव सेशन द्वारा दी गई। बच्चों और बड़ों ने उत्साहपूर्वक इसमें भाग लिया। जबलपुर क्षेत्र में एस्ट्रो-टूरिज्म की एक सफल शुरुआत हुई। प्रातः 6-00 सभी प्रतिभागियों को नेचर वॉक पर ले जाया गया जिसमें डुमना के वन्यजीवों पक्षियों एवं पेड़ पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई व दूरबीन से पक्षियों व वन्यजीवों का अवलोकन भी कराया गया। एसआईएचएम जबलपुर के सौजन्य से सभी प्रतिभागियों को स्वादिष्ट भोजन की सुविधा मिली। मुंबई की प्रख्यात होटल ओबेरॉय से आए हुए शेफ्स ने खास तौर पर भोजन बनाकर प्रतिभागियों को उपलब्ध कराया।



# मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## आज दोपहर में शोभायात्रा, कलश स्थापना

**जबलपुर, यशभारत।** स्व. माता श्रीमती सोनादेवी एवं पिता श्री स्व. लालजी प्रसाद शर्मा की स्मृति में सीताकुंज आश्रम में धार्मिक अनुष्ठान आज से शुरू हो रहे हैं। आश्रम में मां नर्मदा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पैदल नर्मदा परिक्रमावासियों का सम्मान उन्हें सदाव्रत भोजन एवं उनके ठहरने की निशुल्क व्यवस्था की गयी है। धार्मिक अनुष्ठान के तहत आज दोपहर में आयुर्वेदिक कॉलेज ग्वारीघाट से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो सीताकुंज आश्रम भटौली में पूर्ण होगी जहां कलश स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम स्थल प्रायमरी स्कूल भटौली ग्वारीघाट में आयोजित कार्यक्रम में6 दिसम्बर को अनाधिवास, ध्रताधिवास, सर्वोधिवास, 7 दिसम्बर को फलाधिवास, दूधाधिवास, जलाधिवास, शयनाधिवास, एवं 8 दिसम्बर को पुष्पाधिवास, प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत भोग प्रसाद वितरण किया जाएगा।उपस्थिति की अपील श्रीमती सीता देवी, प्रमोद शर्मा, प्रिया मनोज शर्मा, प्रीति विजय तिवारी, रुकमणी शर्मा, ममता शर्मा, उषा शर्मा, रूपम प्रदीप शर्मा, ज्योति प्रवीण शर्मा, प्रतिभा सीमांत शर्मा, शरद, युवराज, नमामि एवं शुभि ने की है।

# देश का हर दसवें वयस्क में डायबिटीज की संभावना

## कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बढ़ती डायबिटीज की बीमारी पर चिंता जताई

**जबलपुर, यशभारत।** 'एबीसी डायबिटीज़' पर आधारित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने देश में बढ़ रही डायबिटीज की बीमारी पर चिंता जताई। विशेषज्ञों ने कहा कि विश्व में डायबिटीज़ और उससे होने वाली विषमताएं बड़ी परेशानी बन रही हैं। भारत में हर दसवें वयस्क को यह बीमारी होने का अनुमान है। जिसमें सिर्फ 50 प्रतिशत रोगियों को ही शरीर इस बीमारी की उपस्थिति के बारे में पता है। निदान वाले रोगियों में भी आधे से कम ग्लूकोज का स्तर नियंत्रित कर पाते हैं। शरीर को नुकसान से बचाने के लिए कई उपयुक्त उपाय मौजूद होने के बावजूद आम जनता में बेहतर इलाज के प्रति उदासीनता एवं डाक्टरों में आधुनिकतम दवाओं एवं ग्लूकोज़ मानिटरिंग टूल्स जानकारी की कमी की वजह से यह लोगों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। मध्य भारतीय मधुमेह सेवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में डा. विशाल कस्तवार और डा. परिमल स्वामी ने व्याख्यान दिया। संगोष्ठी के माध्यम से डायबिटीज़ के बेहतर इलाज हेतु चिकित्सा पद्धति एवं नवीनतम जानकारियां चिकित्सकों को दी गई। डा. कस्तवार ने डायबिटीज़ के बेहतर इलाज में आम कमियां और संसाधन, डा. स्वामी ने डायबिटीज रिवेर्सल एंड रैमिशन पर जानकारी दी। डायबिटीज़ क्यों होती है, कैसे बढ़ती जाती है, क्या विषमताएं होती हैं इस बारे में डा. वीके भारद्वाज ने सारगर्भित उद्बोधन दिया।डा. महेंद्र तिलकर रीवा, डा. प्रामिस जैन सागर, डा. निधि जैन, डा. भारती सुले, डा. अभिषेक श्रीवास्तव, डा. आशीष डेंगरा, डा. प्रियंका कुकरेले, डा. अनिमेष गुप्ता, डा. आशीष तिवारी ने डायबिटीज व इससे होने वाली तरह तरह की समस्याओं व बीमारियों से अवगत कराया। डायबिटीज़ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डा. संजय मिश्रा ने कार्यक्रम के शुभारंभ में दीप प्रज्ज्वलन किया। इस दौरान डा. प्रोफेसर मनोज पराशर, आइएमए अध्यक्ष डा. अमरेंद्र पांडेय विशेष तौर पर मौजूद रहे। संचालन डा. अनुश्री जामदार ने किया। अतिथियों ने डायबिटीज़ जीवन यात्रा का बेहतर प्रबंधन एवं एबीसी डायबिटीज़ 2022 नामक पुस्तकों का विमोचन किया गया। आयोजन में डा. विभा कस्तवार, मजहर खान, लोकेश जैन, अनुराग शर्मा, जितेश गुप्ता, विवेक, विजय अग्रहारी की भूमिका रही।



## सुशील जसेले को मप कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ में नियुक्त

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र. कॉंग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव के पद पर सुशील जसेले को मध्यप्रदेश कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ में नियुक्त किया गया है। सम्माननीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की सहमति महामंत्री प्रभारी प्रकोष्ठ जे.पी.धनोपिया के अनुमोदन से नियुक्त किया गया है। इनके नियुक्त होने पर मध्यप्रदेश बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा, महापौर जगत बहादुर च्चअन्नूज्ज, पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया एवं कुलदीप सिंह गिल, आलोक मिश्रा, आलोक चंसोरिया, डॉ. राजेन्द्र पिल्ले, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव आदि नेताओं ने बधाई दी है।

# अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की महत्वपूर्ण बैठक,11 को स्वागत रैली

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आज सुशीला मैरिज गार्डन अमखेरा में आयोजित कि गई। जिसमें नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव जी का स्वागत किया गया एवं समाजसेवी क्षेत्र में समाज को लेकर कार्य करने वाले स्वजातीय बंधुओ का माला पहनाकर कर प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण का पूजन अर्चन कर प्रारंभ किया गया बैठक में ये निर्णय लिया गया कि 11 दिसम्बर को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर स्वागत रैली निकाली जाएगी रैली स्टेशन का शुभारंभ स्टेशन से नगर की विभिन्न मार्गों से होकर गीताधाम मैदान ग्वारीघाट तक जायेगी जहां पर रैली का समापन होगा एवं एक पदाधिकारी के द्वारा सभा आयोजित की जायेगी एव इस रैली राष्ट्रीय एव प्रदेश पदाधिकारी भी जबलपुर पधार रहे है। बैठक में पूर्व कमिश्नर सभाजीत यादव, के एन सिंह यादव, विनीता यादव, श्रीमती कमलेश यादव, रचना यादव, प्रभा यादव, शिव यादव, प्रदीप यादव मंडी अध्यक्ष, संजय यादव पाटन, राघवेन्द्र यादव पाटन, परमू यादव, सर्वेश यादव, श्याम सुंदर बब्बू जी यादव, बबलू यादव, पवन यादव, रामरतन यादव, रवि यादव, दशरथ यादव, उदय शंकर यादव, चित्रांश यादव, राममिलन यादव, जसवंत यादव, राजकुमार यादव, रामदुलारे यादव, अनिल यादव, विनोद यादव, राजेन्द्र यादव, जयंत यादव, शेखर यादव, विजय यादव, रंजीत सिंह यादव, आदि मौजूद रहे।

# गढ़ा पुलिस की कार्रवाई, गांजे के साथ गिरफ्तार हुए युवक



**जबलपुर, यशभारत।** गढ़ा पुलिस ने रविवार की देर रात बड्डा दादा ग्राउंड से एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर उसके पास से लगभग 2 किलो 50 ग्राम गांजा जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति बड्डा दादा ग्राउंड में खड़ा हुआ है और उसके पास कुछ मादक पदार्थ हो सकता है जिसके बाद पुलिस द्वारा वहां पहुंचकर उसे हिरासत में लिया गया और तलाशी लिए जाने पर उसके पास से दो किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान पता चला है कि उक्त युवक का नाम शिवम सोनी है जो बीटी तिराहा गढ़ा का रहने वाला है। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस दूसरे मामलों की जांच कर रही है साथ ही इस बात को जानने की कोशिश कर रही है उसे इतनी मात्रा में गांजा कहां से प्राप्त हुई और वह इसे कहां खपाने जा रहा था।

# बदमाशों ने काटी सिग्नल की केबल

## मुड़वारा स्टेशन के पास घटना से प्रभावित हुआ रेल यातायात




### सुधारकार्य होने तक अथॉरिटी लेटर के साथ चलाई गई ट्रेनें

**जबलपुर, कटनी, यशभारत।** बीना-बिलासपुर रेलखंड पर मुड़वारा रेलवे स्टेशन के समीप रविवार सुबह सिग्नल वायर कटने से सिग्नल ठप हो गया और ट्रेनों का संचालन बंद हो गया। इसके कारण कई घंटों तक यात्री व मालगाड़ी ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। बाद में ट्रेनों को अथॉरिटी लेटर देकर चलाया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुड़वारा सागर एंड पर ब्रिज के समीप सिंग्नल की वायर अज्ञात व्यक्ति द्वारा काट दी गई थी। वायर कटते ही सुबह 10:45 बजे सिग्नल बंद हो गया। सिग्नल बंद होते ही ट्रेनों का मुड़वारा स्टेशन व मालगाड़ियों को पहले ही रोक दिया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 11601 व 11602 मेमू पेंसजर ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। सुधारकार्य न होने की स्थिति में ऑथारिटी लेटर के साथ पायलेटिंग कर ट्रेनों को सिग्नल पार कराया गया और गंतव्य के लिए भेजा गया। दोपहर 1 बजे तक सुधारकार्य करने के बाद सिग्नल चालू किया गया। आरपीएफ के अफसरों का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति के खिलाफप्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### इस तरह होती है रेलवे की पायलेटिंग व्यवस्था

एक जानकारी में बताया जाता है कि सिग्नल बंद हो जाने की स्थिति में जरूरत पड़ने पर रेलवे द्वारा पायलेटिंग व्यवस्था के तहत ट्रेनों को सिग्नल पार कराया जाता है। रविवार को ट्रेनों को स्टेशन के अंदर प्रवेश कराने के लिए रेलवे कर्मचारी (प्वाइंसमैन) के माध्यम से होम सिंग्नल तक ऑथारिटी लेटर भेजा गया। अथॉरिटी लेटर मिलने पर ड्राइवर ने ट्रेन आगे बढ़ाई। इसी तरह स्टेशन पर ड्राइवर को होम सिग्नल पार करने के लिए अथॉरिटी लेटर दिया गया।

# पीसी सिंह का आज पेश हो सकता है चालान

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर की शैक्षणिक संस्थाओं की राशि के दुरुपयोग तथा मिशन की सम्पत्ति में फर्जीवाड़ा करने के आरोप मेंजबलपुर की केंद्रीय जेल में बंद पूर्व बिशप पी.सी सिंह के खिलाफ जबलपुर ई.ओ.डब्ल्यू ने चालान तैयार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक आज चालान कोर्ट में पेश किया जा सकता है, जिसके बाद जेल में बंद पी.सी सिंह समेत सुरेश जैकब, नोरा सिंह और अन्य के खिलाफ जबलपुर ई.ओ.डब्ल्यू चार्जशीट कोर्ट में पेश करेगी।**

ईओडब्ल्यू ने पूर्व बिशप व उनके सहयोगी के खिलाफ आठ हजार पन्नों का चालान तैयार किया है।गौरतलब है कि ईओडब्ल्यू की टीम ने 8 सितंबर को तत्कालीन बिशप पीसी सिंह के नेपियर टाउन स्थित कार्यालय तथा घर में दबिश दी थी। दबिश के दौरान 80 लाख का सोना, 1 करोड़65 लाख रुपये नगद, 48 बैंक खाते, 18352 यूएस डॉलर, 118 पांउड, 9 लग्जरी गाड़ियां, 17 संपत्तियों के दस्तावेज मिले थे। दबिश के दौरान पीसी सिंह देश के बाहर था। ईओडब्ल्यू ने उसे नागपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला कि उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर बैंक में साढ़े 6 करोड़ रुपये जमा थे। इसके अलावा पीसी सिंह ने मिशन कंपाउंड स्थित बेशकीमती जमीन खुद के नाम आधे दामों में खरीदी थी। बिशप रहते हुए पीसी सिंह जमीन का विक्रेता खुद बना और क्रेता भी स्वयं बना था। ये भी पता चला कि पीसी सिंह के खिलाफ देशभर के अलग-अलग राज्यों में 60 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा उसने फर्जी तरीके से संस्था का रजिस्ट्रेशन करवाकर मिशनरी स्कूलों पर कब्जा कर लिया था। मिशनरी स्कूल की जमीन अपने ट्रस्ट के नाम पर दर्ज करवा ली थी। ईओडब्ल्यू ने प्रकरण में पीसी सिंह की पत्नी नीरू सिंह, खास राजदार सुरेश जैकब, बेटा पीयूष को भी आरोपी बनाया है। इसके अलावा मिशन व शैक्षणिक संस्था से जुडे अन्य सदस्य भी ईओडब्ल्यू के रडार में हैं। ईओडब्ल्यू के उप पुलिस अधीक्षक स्वर्ण सिंह धामी ने बताया कि कोर्ट में 5 दिसंबर को चालान पेश किया जाएगा।

### समीर खिमला को मिल सकती है जबलपुर डायोसिस की जिम्मेदारी

जानकारी के मुताबिक चर्च ऑफ नार्थ इंडिया की दिल्ली में 7 से 9 दिसंबर तक आयोजित होने वाली मीटिंग में पी.सी सिंह की मनमानी झेल चुके बिशप प्रबलदत्त को पुनः सी.एन.आई में शामिल किया जा सकता है। बता दें की प्रबल दत्त ने बर्खास्त बिशप पी.सी सिंह की मनमानियां खिलाफ जब आवाज उठाई थी तो उन्हें हटा दिया गया था। प्रबल दत्त को दुर्गापुर डायोसिस का बिशप बनाया जा सकता है वहीं दुर्गापुर डायोसिस के बिशप समीर खिमला को जबलपुर डायोसिस की जिम्मेदारी मिल सकती है।

## किसान प्रतिनिधियों की बैठक ,नहरों में पानी छोड़े जाने की मांग की

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर के साथ जिले के किसान प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में किसानों ने नहरों में पानी छोड़े जाने और सिंचाई के लिए पर्याप्त विद्युत उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर सौरव कुमार सुमन ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के लिए कहा। बैठक में खाद वितरण, मंडियों और धान उपार्जन के मसले पर भी चर्चा हुई। बैठक में केके अग्रवाल, डा. ब्रजेश अर्जरिया, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, संजय जैन, डा.आरएम पटेल सहित अनेक किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# फीमेल हेल्थ एम्पालाई वेलफेयर एसोसिएशन ने ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर, यशभारत।** जिले की समस्त ANM, MPW की अनमोल टैब से संबंधित समस्याओं के निराकरण हेतु जिले के समस्त ANM, MPW के विगत 2 वर्ष से अनमोल टैब ने कार्य करना बंद कर दिया। ANM, MPW अपने मोबाईल में अनमोल एप डाउन लोड करके काम कर रही है। अनमोल ऐप के अलावा हरूसे दस्तक पोर्टल, RCH पोर्टल IHIP ऐप NCD सारे कार्य अनमोल से संचित किये जाते थे। अनमोल देव जब ANM, MPW को दिये गये थे तो उस समय केवल RCH पोर्टल था। अब वर्तमान में सभी के अनमोल टैब खराब हो चुके है।। पाँच वर्ष से अधिक समय हो जानेपर अनमोल टैब ने कार्य करना बंद कर दिया है। इसकी जानकारी समय समय पर उच्च अधिकारियों का दी गई किन्तु आज दिनांक तक अनमोल टैब नहीं बदले गये। गत दिवस मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को फीमेल हेल्थ एम्पालाई वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमति आरती ठाकुर नायक द्वारा ज्ञापन प्रेषित करते हुए चेतावनी दी है 15 दिवस के अंदर अनमोल टैब नहीं बदले गये तो सारी ANM, MPW पोर्टल पर गर्भवती एवं बच्चों का पंजीयन करना बंद कर देगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से बेबी राजा, दुर्गा मेहरा, वीणा दुबे, आदिलक्ष्मी झारिया, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता का विधिवत समापन

## जूडोकाओं ने किया हुनर का प्रदर्शन

**जबलपुर, यशभारत।** मध्य प्रदेश जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में लिटिल चैंप्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खजुरी बाईपास में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय जूनियर जूडो प्रतियोगिता का विधिवत समापन हुआ। जिला जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से आये हुए जूडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। संपन्न हुई इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी एवं अन्य अतिथि जगजीत सिंह संधू (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश जूडो संघ) सचिव श्री नरेश तत्वाडे, कुरूष दिनशॉ (टेक्निकल चेयरमैन), ष्ठ. स. गुजराल, हर्षित यादव (पार्षद), श्री आरि? बेग, दामोदर सोनी(पार्षद), अनुराग दाहिया (पार्षद),प्रमोद पटेल (पार्षद), तस्लीम आरिफ, आदि उपस्तिथ रहे,जिला जुडो संघ के सचिव आबिद हुसैन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि, आज सम्पन्न हुई प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी इस प्रकार है - बालिका वर्ग में - -63 केजी (स्वर्णा) तविशी पोरवल (गुना), (रजत) राधा



मौर्या (नरसिंहपुर), (कांस्य) सुहानी खंडवा (इंदौर),स्नेहा थापा (जबलपुर) -70 केजी- (स्वर्णा) सौम्या दुबे (दतिया),(रजत) रेनू कुमारी (सिंगरौली),(कांस्य) देवीना पटेल (इंदौर), संजू पांडे (जबलपुर), -78 केजी- (स्वर्णा) ईशा मकवाना (धार ),(रजत) आंचल पटेल (जबलपुर),(कांस्य) रिधि टिकवानी (इंदौर),+78 केजी- (स्वर्णा) पवित्रा भठेले (एम.पी. आर. जे. ए.),(रजत) स्वास्थी तिवारी (रीवा),(कांस्य) शाली गुप्ता (इंदौर), माही अरोरा (छिंदवाड़ा)। बालक वर्ग में - - 60 केज (स्वर्णा) अर्जुन कुमाल (भोपाल), (रजत) सुमित यादव (एम.पी.आर.जे.ए.),(कांस्य) देवांश (शिवपुरी),अजय बाबू (आर.सी.सी. भोपाल) , -90 केजी- (स्वर्णा) जय जाट (इंदौर),(रजत) शिखर गौरव (नरसिंहपुर), (कांस्य) मोहित मीना (अंकुर भोपाल),मोहम्मद निसार आलम (जबलपुर) ,- 100 केजी- (स्वर्णा) अनुराग कुशवाहा (एम.पी.आर.जे.ए.),(रजत) निकुंज छवाला (इंदौर),(कांस्य) वेदानी बागानी (छिंदवाड़ा), +100 केजी- (स्वर्णा) जतिन रघुवन (गुना),(रजत) दिशांत बांद्रे (छिंदवाड़ा),(कांस्य) गौरव रैकवार (सिधी) (कांस्य) श्री खान ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी रांची (झारखंड) में होने वाले राष्ट्रीय जूडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधिव करेंगे कार्यक्रम का सफल संचालन अधिवक्ता अताउर्रहमान अंसारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रत्नेश सोनकर,तावेज अली ,राजिक अंसारी ,जावेद राईन,सय्यद फैजान रहमानी,मनीष श्रीवास्तव, उवेश अंसारी, स्वीटी रजक, की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र./अ-6/2021-2022
अधारताल, दिनांक 15/11 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमर जीत कौर 2 मनजीत कौर पिता पति स्व. परमजीत कौर निवासी 853 गढ़ा बाजार के द्वारा मौजा कछपुरा स्थित भूमि खसरा नंबर 748/9/3 223/350 में से रकवा 0.0350 हे, 0.23 वर्गफुट भूमि पर की मृत्यु दिनांक को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 5/12/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा, आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 15/11/22
पेशी दिनांक - 05/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

## संपादकीय

# धरातल पर उतरे आंकड़े

इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़े जब जारी हुए और उसमें भारत की वृद्धि दर साढ़े 13 प्रतिशत दिखाई गई, तब भी अनेक जानकारों ने आगाह किया था कि इस पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। ये आंकड़े पिछले वर्ष यानी 2021 के उन तीन महीनों की तुलना में थे, जब देश ने कोरोना महामारी की भीषण दूसरी लहर झेली थी। अब दूसरी तिमाही के आंकड़े सामने आए हैं, तो कठोर हकीकत सामने है। इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक मैनुफैक्चरिंग और खनन में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। कृषि क्षेत्र में तकरीबन साढ़े चार प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है, लेकिन पर कुछ विशेषज्ञों ने तुरंत सवाल उठाए हैं। वजह यह है कि खुद भारत सरकार इस वर्ष कई प्रमुख फसलों का उत्पादन गिरने का अंदाजा जता चुकी है। महंगे चारे और लंपी महामारी के दुष्प्रभाव से पशुपालन क्षेत्र भी मुश्किल में बताया जाता है। लागत की महंगाई ने डेयरी क्षेत्र को परेशान कर रखा है। ऐसे में इतनी स्वस्थ वृद्धि दर कैसे हासिल हुई, इस पर कयास लगाए जा रहे हैं। तो कुल मिला कर भारतीय अर्थव्यवस्था का एकमात्र सहारा सेवा क्षेत्र में है, जिसमें अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। उसने सकल आर्थिक वृद्धि दर को एक हद तक संभाल लिया। लेकिन सेवा क्षेत्र के भरोसे टिके रहना किसी स्वस्थ अर्थव्यवस्था का लक्षण नहीं हो सकता। अगर प्राइवेट सेक्टर निवेश नहीं बढ़ रहा है और कुल मिला कर पूंजी निर्माण की दर जहां की तहां बनी हुई है, तो यही मानना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है। इस सच को स्वीकार करने के बजाय इस पर मुख्य अर्थव्यवस्था से बहुत पहले अपना नाता तोड़ चुके शेयर बाजार और वित्तीय क्षेत्र के चमकते आंकड़ों का परदा डालने की कोशिश से कुछ हासिल नहीं होगा। बेशक आज जो हालात हैं, उनके कई पहलू अंतरराष्ट्रीय हैं। लेकिन भारत के साथ विशेष स्थिति यह है कि संकट की शुरुआत वैश्विक मुश्किलों के उभरने से काफी पहले हो चुकी थी। अब ये संकट गहरा चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अभी भी सरकार कुछ चमकते आंकड़ों को ढूंढने और उनके आधार पर नैरेटिव बनाने की अपनी शैली से बाहर नहीं निकल रही है।

# जेल-जलालत फिर ढलती उम्र में राजयोग

राजनीति इतनी निष्ठुर होती है कि सत्ता की महत्वाकांक्षा के लिये किसी प्रतिभा और संभावना को कुचलने से भी गुरेज नहीं करती। अब चाहे किसी के सपने कुचलें या राजनीतिक जीवन बर्बाद हो। ऐसे ही राजनीतिक षड्यंत्रों से जूझते मलेशिया के चर्चित राजनेता अनवार इब्राहिम को अपार जनसमर्थन और योग्यता के बावजूद सत्ता की बागडोर हासिल करने में चौथाई सदी का इंतजार करना पड़ा। दरअसल, सत्ता की कामधेनु से चिपके उनके प्रतिद्वंद्वी ने 92 साल की उम्र में भी सत्ता में काबिज रहने का मोह नहीं छोड़ा। जिसके लिये उन्होंने कभी भ्रष्टाचार के आरोप में अनवार को सींखचों के पीछे भिजवाया। जब अदालत ने बरी किया तो नये आरोपों में नाप दिया। कभी मलेशिया के समाज में वर्जित दैहिक रिश्तों के आरोप लगाये। बार-बार अदालत ने बरी किया तो फिर-फिर जेल भिजवाया। लेकिन जब राजनीति हित साधने में उनकी जरूरत पड़ी तो उन्हें जेल से रिहा कराकर गले लगा सत्ता की चाबी हासिल कर ली। लेकिन अब पच्चीस साल बाद जनादेश हासिल करके वे सत्ता की दहलीज पर पहुंचे। अब 75 साल की उम्र में वे मलेशिया में सत्ता की बागडोर संभालने जा रहे हैं।बहरहाल, लंबे अरसे से मलेशिया की बागडोर संभालने की आकांक्षा रखने वाले अनवार इब्राहिम के अनुकूल परिस्थितियां तो कई बार बनीं। लेकिन राजनीतिक तिकड़मों ने उनकी मंजिल दूर कर दी। कम से कम दो बार उनकी मंजिल उन्हें छू कर निकल गई। लेकिन तमाम राजनीतिक आक्षेपों के बावजूद जनता में उनकी साख बनी रही। विपक्ष का नेतृत्व उन्हें मिलता रहा। तमाम गंभीर आक्षेपों के बावजूद जनता में उनकी स्वीकार्यता बनी रही। यहां तक कि जब उनके धुर विरोधी भी राजनीति में कमजोर नजर आए तो उनका सहयोग लेने से भी गुरेज नहीं किया गया। राजनीति व अपराध के गठजोड़ के दौर में भी यदि किसी का राजनीतिक भविष्य खत्म करने के लिये साजिशन अपराध गढ़ दिये जाएं तो यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जा सकता है। बहरहाल, 75 साल में जन समर्थन और राजा द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री मनोनीत करना इस बात का परिचायक है कि उन पर लगे आरोप राजनीति की छाया में थे।एक प्रतिभावान और उम्मीदों के



नेता के रूप में अनवार इब्राहिम का उदय छात्र राजनीति की देन माना जाता है। वे मलेशिया में इस्लामिक युवा आंदोलन के अगुवा रहे हैं। तभी लगने लगा था कि वे भविष्य में कद्दावर नेता हो सकते हैं। उन्होंने मलेशियाई युवाओं में विशिष्ट पहचान बनायी। जो कालांतर उनकी करिश्माई छवि गढ़ने में सहायक भी बनी। उनकी शुरुआती सधी राजनीति का प्रमाण उनका मलेशिया के मुख्य राजनीतिक दल यूनाइटेड मलय नेशनल ऑर्गेनाइजेशन से जुड़ना माना जाता है। जिससे मलेशिया की राजनीति में उनका कद तो ऊंचा हुआ लेकिन दल के महत्वाकांक्षी नेता उन्हें चुनौती के रूप में भी देखने लगे। यहां तक कि दल के मुखिया महातिर मोहम्मद के बाद दूसरे नंबर के नेता में देखे जाने लगे। कयास लगे कि भविष्य में वे महातिर मोहम्मद के विकल्प बन सकते हैं।लेकिन बीसवीं सदी के आखिरी सालों में आर्थिक संकट में आये मलेशिया की सरकारी आर्थिक नीतियों व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर उनके व महातिर मोहम्मद के बीच टकराव की स्थिति बन गई। फिर उन्हें डिप्टी के पद से हटा दिया गया। लेकिन जब उन्होंने सरकार के खिलाफ विपक्षी आंदोलन की अगुवाई की तो वे सत्ताधीशों की आंखों का कांटा बन गये। फिर अनवार इब्राहिम को बंदी बना लिया गया। पहले उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। जब उससे अदालत ने उन्हें बरी कर दिया तो भी सोडोमी के आरोप लगा दिये गये। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्रवाई की खासी आलोचना हुई। जिसे राजनीतिक बदले की भावना से की गई कार्रवाई बताया गया। इतना ही नहीं उनकी रिहाई को लेकर देश में उग्र प्रदर्शन भी हुए।अनवार कहते रहे कि महत्वाकांक्षी महातिर उन्हें अपने रास्ते से हटाने के लिये साजिशें रच रहे हैं। फिर वर्ष 2003 में महातिर मोहम्मद के सत्ताच्युत होने के बाद मलेशिया के सुप्रीम कोर्ट ने अनवार के खिलाफ आरोपों को नकारते हुए उन्हें रिहा कर दिया। वे विपक्ष का नेतृत्व करते रहे लेकिन साजिशों का दौर भी चलता रहा। उन पर फिर आरोप लगे लेकिन 2012 में अदालत ने फिर आरोप मुक्त कर दिया। लेकिन वर्ष 2014 में चुनाव लड़ने की तैयारी के दौरान आरोप फिर ताजा हुए और फिर गिरफ्तारी हुई।कालांतर मलेशिया के राजनीतिक परिदृश्य में फिर अप्रत्याशित बदलाव हुए। राजनीति से किनारा कर चुके महातिर मोहम्मद की राजनीतिक महत्वाकांक्षा फिर 92 साल की उम्र में जाग्रत हुई। लेकिन सत्ता की कामधेनु के लिये राजनीतिक समर्थन की जरूरत थी। उन्होंने जेल में बंद अनवार इब्राहिम को सत्ता की चाबी हासिल करने के लिये दोस्त बना लिया। वे जानते थे कि जनता व विपक्ष में अनवार इब्राहिम की लोकप्रियता बरकरार है। जिसके सहारे वे सत्ता की चाबी हासिल कर सकते हैं। निस्संदेह, राजनीति में कोई स्थायी शत्रु-मित्र नहीं होता। यही वजह है कि वर्ष 2018 के चुनावों में इस राजनीतिक गठबंधन को आशातीत सफलता मिली। इस गठबंधन सरकार में शामिल चार दलों में भारतीय मूल के लोगों की भी भागीदारी थी। सरकार बनने के बाद न केवल अनवार को रिहाई मिली बल्कि सरकार ने आरोपों से भी बरी कर दिया। लेकिन उम्र के दसवें दशक में सत्ता के मोहपाश में बंधे महातिर ने वायदा करके भी अनवार इब्राहिम को सत्ता की बागडोर नहीं सौंपी। कालांतर महातिर को इस्तीफा देना पड़ा और गठबंधन टूट गया। वर्ष 2022 में मध्यावधि चुनाव के बाद इब्राहिम के गठबंधन को सफलता मिली। फिर मलेशिया के राजा ने इब्राहिम को प्रधानमंत्री नियुक्त करके उनके राजनीतिक वनवास को खत्म कर दिया।

**-अरुण नैथानी**

# मतदाता तोड़े राजनीति-अपराध का गठजोड़

नेता और प्रतिनिधि में क्या अंतर होता है? नेता वह है जो नेतृत्व करे, अपनी कथनी और करनी से उदाहरण बने आम जनता के लिए। जनता जिस पर भरोसा कर सके, जिसकी ओर उम्मीदों से देख सके। और प्रतिनिधि? प्रतिनिधि वह है जिसे किसी काम-विशेष के लिए जनता नियुक्त करे। इस दृष्टि से देखें तो नेता भले ही जनता का सेवक न माना जाये, पर विधानसभा और संसद आदि में जनता का प्रतिनिधि सेवक ही होता है। जनतंत्र में यह सेवक जनता स्वयं चुनती है। और इस चुनाव का आधार सेवक बनने के उम्मीदवार की वैयक्तिक योग्यता और चरित्र होता है। होना तो यही चाहिए। पर क्या मतदाता चयन के अपने अवसर और अधिकार का सही दृष्टि से उपयोग करता है? यह सवाल आज अचानक अखबार में एक समाचार पढ़कर मन में उठा। खबर गुजरात में हो रहे चुनाव के उम्मीदवारों से जुड़ी थी।एसोसिएशन फॉर डेपेटिक रिफार्म (एडीआर) द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार गुजरात में विधानसभा के लिए हो रहे चुनावों में खड़े कुल 1621 उम्मीदवारों में से बीस प्रतिशत यानी हर पांच में से एक उम्मीदवार आपराधिक पृष्ठभूमि वाला है। यह अध्ययन उम्मीदवारों द्वारा स्वयं भरे गये नामांकन पत्रों में दी गयी जानकारी के आधार पर किया गया है। पता यह चला है कि 1621 उम्मीदवारों में से 268 उम्मीदवार ऐसे हैं जिन पर गंभीर से अति गंभीर अपराधों के आरोप हैं। निस्संदेह, इनमें ऐसे लोग भी होंगे जिन पर राजनीतिक स्वार्थों के चलते आरोप लगे हों, पर यह तो नहीं ही कहा जा सकता कि सारे आरोप राजनीतिक कारणों अथवा वैयक्तिक रंजिशों से उपजे हैं। जो आरोप गुजरात में चुनाव लड़ रहे लोगों पर लगे हैं, उनमें हत्या, बलात्कार आदि के आरोप भी शामिल हैं। यह एक गंभीर स्थिति है, क्योंकि इन्हीं आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों में कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जो चुनाव जीत कर विधानसभा में हमारे प्रतिनिधि बनकर बैठेंगे और दावा यह भी करेंगे कि वे हमारे नेता हैं !यह पहली बार नहीं है जब उम्मीदवारों अथवा प्रतिनिधियों की आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित बातें सामने आयी हैं। लगभग हर चुनाव में, चाहे वह म्यूनिसिपैलिटी का चुनाव हो या लोकसभा का, इस तरह के अध्ययन होते रहे हैं, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले राजनेताओं की सूचियां प्रकाशित होती रही हैं और कुछ ऐसे उम्मीदवार चुनाव जीतते भी रहे हैं। पिछले आम चुनाव की ही बात करें। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में विजेताओं के विश्लेषण के अनुसार आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की उम्मीदवारी पिछले एक दशक में कम होने के बजाय बढ़ी ही है। वर्ष 2009 में 534 विजेताओं में से 162 यानी तीस प्रतिशत ने उनके खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किये थे, जबकि 76 के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में 539 विजेताओं के विश्लेषण के अनुसार आपराधिक और गंभीर आपराधिक मामलों वाले सांसदों की हिस्सेदारी बढ़कर 43 प्रतिशत और 29 प्रतिशत हो गयी थी। सच तो यह है कि चुनावों में आरोपियों की भागीदारी सन्? 2004 से लेकर अब तक लगातार बढ़ती रही है। संसद का यह सच देश की सारी विधानसभाओं पर भी लागू होता है !एक हकीकत यह भी है कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रतिनिधि हर राजनीतिक दल में मिलते हैं। गुजरात के वर्तमान चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी, तीनों प्रमुख दलों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। सबसे अधिक ऐसे उम्मीदवार 'आप' ने खड़े किये हैं- इकसठ। कांग्रेस के ऐसे 60 उम्मीदवार मैदान में हैं और भाजपा के 32 उम्मीदवार दाग़ी हैं।सवाल उठता है कि राजनीतिक दलों के समक्ष ऐसी क्या मजबूरी होती है कि उन्हें दाग़ी उम्मीदवारों का सहारा लेना पड़ता है? यह सही है कि कुछ उम्मीदवारों पर राजनीतिक स्वार्थों के चलते आरोप लगाये जाते हैं, पर सब मामलों में तो ऐसा नहीं होता। यह भी सही है कि अपराध प्रमाणित होने तक व्यक्ति आरोपी ही होता है, पर कोई तरीका तो ऐसा खोजा ही जाना चाहिए कि गंभीर से अति गंभीर अपराधों के दोषियों पर कुछ प्रतिबंध लग सके। एक तरीका तो यह हो सकता है कि यदि राजनीतिक दल दाग़ी उम्मीदवारों के सहारे के बिना चुनाव नहीं लड़ सकते तो मतदाता अपने अधिकार का उपयोग करते हुए उन्हें जीतने न दे। मुश्किल है यह काम, पर स्थितियों को देखते हुए मतदाता में ऐसी जागरूकता ज़रूरी भी है। आखिर क्या मजबूरी होती है राजनीतिक दलों के सामने कि उन्हें अपने उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्हें स्वीकारना ज़रूरी लगता है?यह सवाल न्यायालय ने भी उठाया था। ऐसे एक मामले की सुनवाई के दौरान देश की सबसे बड़ी अदालत ने यह आदेश दिया था कि राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट देने का कारण मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचारित करना होगा। न्यायालय की एक दो सदस्यीय बेंच ने एक फैसले में यह आदेश सुनाया था और यह भी कहा था कि यदि कोई पार्टी ऐसा नहीं करती तो उस पर अवमानना का मामला चलेगा। यह निश्चित रूप से गंभीर चिंता की बात है कि सन्? 2004 के मुकाबले 2019 में 82 प्रतिशत अधिक सांसद आपराधिक पृष्ठभूमि वाले थे। यह आंकड़े इतना तो बतलाते ही हैं कि हमारी राजनीति अपराधों के सहारे चल रही है। यह दुखद और गंभीर चिंता का विषय है।हाल ही में हमने संविधान दिवस मनाया है। निश्चित रूप से हमारा संविधान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ संविधानों में गिना जाता है, पर जैसा कि हमारे संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉ. बीआर अम्बेडकर ने कहा था, संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, वह तभी अच्छे परिणाम देगा जब उसे लागू करने वाले अच्छे हों। अच्छे यानी योग्य हों, कुशल हों, साफ-सुथरी छवि वाले हों। संसद या विधानसभाओं में आपराधिक छवि वाले सदस्यों की संख्या का निरंतर बढ़ना, राजनीतिक दलों का ऐसे व्यक्तियों पर आश्रित होना और मतदाता का इस स्थिति को स्वीकार करना चिंता पैदा करने वाली बात होनी चाहिए। यह सचमुच दुर्भाग्य की बात है कि अपराध और राजनीति के रिश्ते देश के मतदाता को परेशान नहीं करते। यह स्थिति बदलनी ही चाहिए। राजनीतिक दल अपने स्वार्थों के चलते नहीं चाहेंगे कि स्थिति बदले, पर जागरूक मतदाता ऐसे उम्मीदवारों का बहिष्कार करके अवश्य स्थिति बदल सकते हैं।

**-विश्वनाथ सचदेव**

## आपका राशिफल 06 दिसम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-2-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
अपने संघर्ष में स्वयं के आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। शुभांक-2-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-5-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
शांतिपूर्वक नित्य कार्य करें। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-1-5-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। आज का परिश्रम आगे लाभ देगा। शुभांक-2-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-3-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-5-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-3-5-7

## फिल्म वर्ग पहेली- 6007

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'जब कोई बात बिगड़ जाये' गीत वाली विनोद खन्ना, मीनाक्षी शेशद्रि की फिल्म-२
२. संजीवकुमार, लीना चंदावरकर की 'पैसे बिना प्यार फिजूल है' गीत वाली फिल्म-३
३. 'इन आँखों की मस्ती के' गीत वाली नसीर, फारूख शेख, रेखा की फिल्म-४,२
४. राजकुमार, सुनीलदत्त, साधना, शर्मिला की 'हम जब सिमट' गीत वाली फिल्म-२
५. 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
७. जैकी श्रॉफ, जूही, अमृता की 'मेरी बन्नो की' गीत वाली फिल्म-३
९. 'शाम है धुआं धुआं' गीत वाली अजय देवगन, मधु, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-४
१०. विनोद खन्ना, नीतूसिंह की 'बनके संवरके मैं निकली' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'अगर जिंदगी हो तेरे' गीत वाली अविनाश वधावन, आयशा की फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, आशा पारेख की 'वो दिल कहाँ से लाऊं' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली बॉबी, मनीषा, काजोल की फिल्म-२
२०. संजीवकुमार, रेहाना सुल्तान की फिल्म-३
२४. 'छू कर मेरे मन' गीत वाली अमिताभ, अमजदखान, नीतूसिंह की फिल्म-३
२५. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तू लाली है सवेरे वाली' गीत वाली विनोद मेहरा, सायराबानो की फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेयी, उर्मिला की 'मेरे पास भी है' गीत वाली फिल्म-४
२९. संजयदत्त, कुमार गौरव, पूनम की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल कपूर, श्रीदेवी, उर्मिला की 'हो मुझे प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मन क्यों बहका रे' गीत वाली फिल्म-३
५. जैकी, संजयदत्त, रवीना की 'याइला रे लड़की मस्त मस्त' गीत वाली फिल्म-२
६. 'छोटा बच्चा जानके' गीतवाली फिल्म-३
७. अक्षय, जैकी, सुनील, रवीना, लारा की 'कोई प्यार ना करे' गीतवाली फिल्म-२
८. फिल्म 'चलते चलते' में नायिका-२
९. शाहरूख, मनीषा, प्रीति की 'जिया जले जान' गीत वाली फिल्म-२,१
११. 'खुल गया नसीब देखो साला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा की फिल्म-२
१२. अमिताभ, फरदीन, करीना की 'जब नहीं आये थे' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'भैया मेरे पापा को' गीत वाली मनोज बाजपेयी, रवीना टंडन की फिल्म-२
१४. बिश्वजीत, माला सिन्हा की 'अकेला हूँ मैं' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'तेरी दुनिया से दूर' गीत वाली महीपाल, श्यामा की फिल्म-३
१८. कंवलजीत, वहीदा रहमान की 'पर्वतों के पेड़ों पर' गीत वाली फिल्म-३
२०. मिथुन, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. राजेशखन्ना, मुमताज की 'गोरे रंग पे ना इतना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दुनिया जब जलती है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२
२३. देव आनंद, माला की 'कोई सोने के दिल वाला' गीत वाली फिल्म-२
२७. 'मेरी उमर के नौजवानों' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
२८. नसीर, आमिर, सोनाली की 'होशवलों को खबर' गीत वाली फिल्म-५
२९. 'प्रहार' में डिम्पल के साथ नायक ?-२
३०. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
३१.'मैं क्या करूं राम' गीतवाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 6006**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्व | दे | श | | स | ड़ | क | | आ | ह |
| गं | | रा | हु | ल | | स | र | ग | म |
| | बॉ | बी | | मा | लि | क | | | जो |
| अ | क्स | | डॉ | न | | | जं | ग | ली |
| ध | र | ती | | खा | मो | शी | | वं | |
| मं | | स | | न | | बा | जी | | का |
| | क | री | ना | | प | | त | ला | श |
| स | | क | | सू | र | ज | | बा | |
| प | ड़ो | स | न | | बा | | बा | रि | श |
| ने | | म | | गु | ना | ह | | स | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6520

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6519 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# समझ-सहयोग से संभालें रिश्ते

रिश्ते के निबाह की कोशिशें हों, आपका पक्ष समझने का मामला हो या घर-परिवार की जिम्मेदारी उठाने की बात - जब किसी भी मोर्चे पर साथ न मिले तो इसे टॉक्सिक रिलेशन ही कहा जाएगा। प्यार, भरोसा, समझौते, सहयोग और सामंजस्य की पूरी जिम्मेदारी जब आप पर ही आ जाए तो उस रिश्ते को नए सिरे से समझना जरूरी हो जाता है। चाहे दोस्ती हो, प्रेम हो या कोई करीबी रिश्ता, एक तरफा रिश्ते का कोई भविष्य नहीं होता। ऐसा जुड़ाव थकाऊ और उबाऊ हो जाता है। इतना ही नहीं, कई बार ऐसे संबंधों में शोषण की स्थितियां भी बन जाती हैं। भावनात्मक, शारीरिक और आर्थिक मोर्चे पर एक पक्ष दूसरे पक्ष से फायदा निकालने की जुगत में ही रहता है। इन हालात में आप अपना दायित्व निभाइये लेकिन रिश्ते को ढोने के लिए सब कुछ करने की मत सोचिए। हर मोर्चे पर अकेले मत जूझिए। स्वस्थ और सम्मानजनक रिश्ते में साथ और समझ की उम्मीद करना आपका भी हक है।विश्वास के बिना रिश्ते नहीं चल सकते। जैसे-तैसे चलाए भी जाएं तो न तो इनकी कोई मंजिल होती है और ही सफर में सुकून। ऐसा कोई भी रिश्ता खत्म हो ही जाता है। कई बार बस औपचारिकता के चलते ऐसे बंधन निभाये जाते हैं। लेकिन यह भी सच है कि निभाने भर के लिए किसी रिश्ते को निभाना मन-जीवन पर बोझ बन जाता है। खासकर भरोसे की बुनियाद के बिना तो रिश्ता खोखला हो ही जाता है। एक-दूजे पर यकीन न होना नाखुशी की सबसे बड़ी वजह बन जाती है। किसी भी रिश्ते में साथ होना एक टीम की तरह जिन्दगी की परेशानियों से लड़ना होता है। साथ का यही भाव किसी भी स्वस्थ रिश्ते की पहचान बनता है। वरना अनगिनत उलझनें आ घेरती हैं। इतना ही नहीं, आपसी विश्वास के बिना तो उलझनें भी नहीं सुलझतीं। परेशानी का हल निकालने के बजाय इस टॉक्सिटी के चलते बहस ज्यादा होने लगती है। जिसके चलते कई बार दर्दनाक घटनाएं हो जाती हैं तो कभी जानबूझकर अपराध को अंजाम दिया जाता है। समय रहते सजग हों।

> टॉक्सिटी से भरा कोई भी रिश्ता न केवल तकलीफदेह होता है बल्कि आपकी ऊर्जा भी सोखता है। साथ होकर भी अकेलापन और बेचैनी आपके हिस्से आती है। दोस्त, रिश्तेदार, पड़ोसी या सहकर्मी ही नहीं, आपके अपनों से जुड़े टॉक्सिक रिश्तों को भी अच्छे से समझना जरूरी है। टॉक्सिक सम्बन्धों में समस्याएं समय रहते न सुलझाई जाएं तो अंजाम आपराधिक घटनाओं के रूप में भी सामने आ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि पहले टॉक्सिक रिश्तों को अच्छे से समझा जाए।

टॉक्सिक सोच वाले लोग या तो हद से ज्यादा पोजेसिव होते हैं या बेहद एग्रेसिव। सोच-समझ के संतुलन से दूर इनका व्यवहार अतिवादी हो जाता है। ऐसे लोग इंकार नहीं सुन सकते और अपनी हर बात के लिए स्वीकार्यता की उम्मीद रखते हैं। अपनी जरूरतों को हद से ज्यादा अहमियत देते हैं। औरों के जज्बाती जुड़ाव को भी शक की नजर से देखते हैं। ऐसा अतिवादी व्यवहार कई दुश्वारियां खड़ी करता है। इनसे जुड़ा इंसान न सुरक्षित महसूस करता है और न ही उसे सम्मान मिलता है। जो आपके लिए घुटन और भावनात्मक टूटन की वजह बन सकता है। इसीलिए टॉक्सिक रिश्ते के घेरे में रहकर खुद को दु:ख न पहुंचाएं। सतर्क होकर स्थितियों को समझें। संवेदनशीलता से हालात बदलने की कोशिश भी करें पर कोई उम्मीद ही न बचे तो ऐसे रिश्ते से बाहर निकल आएं।

टॉक्सिक रिश्तों में चालाकी, झूठ और अपना दबदबा बनाये रखने का खेल भी खूब होता है। किसी एक पक्ष द्वारा बंदिशों और बदमिजाजी का माहौल बना दिया जाता है। शब्दों की तहजीब खो जाती है। सम्मान की जगह हिंसक व्यवहार ले लेता है। फिजिकल और वर्बल अब्यूज दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। साथ ही टॉक्सिक सोच वाले लोग अच्छाइयों की जगह आपकी कमजोरियां ढूंढने लगते हैं। बहुत चालाकी से दोषारोपण का खेल खेलते हैं। हर बात में जजमेंटल हो जाते हैं। हर तरह से आपको कमतर साबित करने में जुटे रहते हैं। यकीनन, यह सब मन से रिश्ता निभा रहे जीवनसाथी, दोस्त या सहकर्मी के लिए काफी दर्दनाक होता है। इन हालात में खुद को और पी?ा देने के बजाय रिश्ते की बेहतरी के लिए खुलकर संवाद करना जरूरी हो जाता है। अगर बातचीत से भी बात न बने तो ऐसे सम्बन्धों से बाहर निकलने की राह भी तलाशनी प?ती है।

**-डॉ. मोनिका शर्मा**



## विचार प्रवाह

संवाद स्वर्ग है और विवाद नर्क है। संवाद में एक बोलता है और दूसरा सुनता है तथा विवाद में दोनों बोलते हैं और कोई नहीं सुनता। परिणाम यह होता है कि संवाद में कोई नहीं हारता। दोनों जीत जाते हैं और विवाद में कोई नहीं जीतता। दोनों हार जाते है। विवाद नहीं, संवाद करें। अगर पति-पत्नी में संवाद है तो जीवन स्वर्ग है और अगर विवाद है तो जीवन नर्क है।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## शब्द पहेली -7559

**बाएँ से दाएँ**

1. तमाशा करने वाला-4
4. शेविंग, दाढ़ी बनाना-4
7. बेल, लतिका-2
8. मामला-3
9. स्तर, परत-2
10. भागना (अंग्रेजी-2)
12. गिरवी रखी वस्तु-2
14. सजदे में झुका हुआ-5
15. असंभव-5
17. खुदा की इबादत-3
19. फायदा, लाभ-2
21. क्रिकेट खिलाड़ी युवराज की प्रेमिका-2
23. मुस्लिम, यवनी-3
24. मोल, कीमत-2
25. स्वभाव, आदत-4
26. करतब, करिश्मा-4

**ऊपर से नीचे**

1. शमशीर, कृपाण-4
2. मां, मम्मी-3
3. नीयत, चरित्र-4
4. ज्वरताप-2
5. राय, वोट-2
6. आंदोलन, संग्राम-4
11. क्षारीय, चटपटा-4
13. आशियां, नीड़-4
14. नेत्र, आंखें-3
15. अनभिज्ञ-4
16. बचत, रिआयत-4
18. आवश्यकता-4
20. उन्माद-2
22. वोट-2
24. अस्थमा, श्वास संबंधी रोग-2

**शब्द पहेली -7558 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | जु | हा | र | | नी | | |
| | हा | | नि | | म | र | घ | ट |
| भं | व | र | | म | नो | ज | | क |
| | र | ज | त | | का | | ता | रा |
| म | | नी | ल | क | म | ल | | ब |
| हा | ल | | ब | | ना | ह | क | |
| व | | आ | गा | र | | र | वा | ना |
| त | क | रा | र | | रा | | य | |
| | | म | | त | ह | म | द | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# सीमेंट कारोबारी से दिनदहाड़े मारपीट कर 96 हजार लूट ले गया गब्बर सिंह



**भोपाल ,ईएमएस।** राजधानी के नजीराबाद थाना इलाके में दिनदहाड़े सीमेंट कारोबारी के साथ मारपीट कर तीन बदमाशों ने 96,500 रुपये लूट ले गए। लुटेरे फरसा और कट्टा भी लिए हुए थे। उनमें से एक ने अपना नाम गब्बर सिंह गुर्जर बताया था। पुलिस लूट का केस दर्ज कर आरोपितों की जंगल में भी तलाश कर रही है। इस मामले में पुलिस को कुछ संदेहियों के फोटो भी मिले हैं।

नजीराबाद थाना प्रभारी बीपी सिंह ने बताया कि ग्राम हिनौतिया निवासी 20 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह पुत्र धनवीर सिंह सोलंकी सीमेंट, रेत का कारोबार करता है। उसकी हिनौतिया जोड़ पर शराब की दुकान के पास ही भवन निर्माण सामग्री की दुकान है। शनिवार दोपहर 12-15 बजे वह अपनी दुकान पर बैठे थे। इस दौरान तीन अज्ञात युवक उसकी दुकान पर पहुंचे। उनके पास डंडा, फरसा और कट्टा भी था। उन्?होंने धमकाते हुए पुष्पेंद्र से रुपयों की मांग की। विरोध करने पर तीनों ने मारपीट करते हुए पुष्पेंद्र के पास रखे 96,500 रुपये लूट लिए। उनमें से एक जाते समय अपना नाम गब्ब रसिंह गुर्जर बता गया। इस मारपीट की वजह से पुष्पेंद्र के दोनों पैरों में गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने पुष्पेंद्र की शिकायत पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट कर लूट करने का केस दर्ज कर लिया है। टीआइ बीपी सिंह के मुताबिक इस मामले में कुछ अहम सुराग मिले हैं। जंगल में बैठे कुछ संदेहियों के फोटो भी पुलिस को मिले हैं। उनके आधार पर लुटेरों की तलाश की जा रही है। बता दें कि वर्ष 2007-08 में नजीराबाद, बैरसिया क्षेत्र में पर्वत सपेरा नाम के दुर्दांत अपराधी ने काफी आतंक मचाया था। उसके खिलाफ हत्या, लूट, दुष्कर्म के कई केस दर्ज थे।

### कान्हा में मूवमेंट के इनपुट के बाद एग्रेसिव मोड में आई पुलिस

# 5 महीने में मार गिराए 5 बड़े नक्सली

**भोपाल ,ईएमएस। छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में नक्सलियों के खिलाफ चल रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के बीच मप्र पुलिस ने भी महज 5 महीने में पांच बड़े स्तर के नक्सलियों को मार गिराया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि इतने कम समय में दो डिविजन कमेटी मेंबर स्तर के भी नक्सलियों का भी एनकाउंटर हुआ हो। मप्र पुलिस के इस आक्रामक रवैए की तीन बड़ी वजह हैं। कान्हा में नक्सलियों के बढ़ते मूवमेंट का इनपुट दिल्ली से मिला था। इसके बाद तीन स्तर पर प्लानिंग की गई।**



इसके बाद ही नक्सलियों के लीडर्स को टारगेट किया जाना शुरू हुआ। इससे पहले तीन साल में सात नक्सली मारे गए थे।

इन तीन स्तर पर की गई अलग-अलग प्लानिंग

### 1. लीडरशिप पर टारगेट

मप्र पुलिस को कान्हा में नक्सलियों के मूवमेंट के इनपुट मिलने शुरू हो गए थे। इसी बीच जून 2022 में केंद्र सरकार से मप्र इंटेलिजेंस को एक पत्र भी मिल गया। इसके बाद वन विभाग और पुलिस के अफसरों के बीच एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें आक्रामक रवैया अपनाने पर सहमति बनी।

### 2. कोर जोन में बनाए कैंप

खापा और बम्हनी दादर में हॉक फोर्स के कैंप बनाए गए। ये कान्हा नेशनल पार्क का कोर एरिया है। यानी यहां केवल घने जंगल और जंगली जानवर ही हैं। इस एरिया में नक्सलियों का ब? रहा मूवमेंट कैंप लगने से कम हुआ। मप्र के नक्सल प्रभावित जिलों में हॉक फोर्स के 22 कैंप हैं।

### 3. मिला विशेष भत्ता

मप्र नक्सल प्रभावित जिलों में पदस्थ हॉक फोर्स और इंटेलीजेंस को विशेष भत्ता एनाउंस किया गया। कैबिनेट ने 8 अगस्त 2022 को इसे मंजूरी दी। इससे पहले नक्सलाइट ऑपरेशन रिस्क अलाउंस मिलता था। वर्ष 2020 से अगस्त 2022 के बीच हॉक फोर्स में आए 334 पुलिसकर्मी मूल इकाई में वापस चले गए।

साल-दर-साल ऐसे हुए एनकाउंटर

### तारीख नक्सली पद

9-7-19 अशोक उर्फ मंगेश एसीएम टांडा

9-7-19 नंदे (महिला) एसीएम टांडा

6-11-20 शारदा (महिला) एसीएम खटिया मोचा

11-12-20 शोभा पति उमेश गावड़े एसीएम मलाजखंड

12-12-20 सावित्री (महिला) एसीएम प्लाटून-1

12-2-21 दुल्ला उर्फ मैनू एसीएम बोदला

12-2-21 गीता (महिला) एसीएम बोदला

20-6-22 नागेश उर्फ राजू तुलावी डीवीसीएम दर्रेकासा

20-6-22 मनोज डोडी एसीएम प्लाटून-1

20-6-22 रामे (महिला) एसीएम दर्रेकासा

30-11-22 गणेश उर्फ उमेश पुसु डीवीसीएम/कोऑर्डिनेशन टीम लीडर

30-11-22 राजेश कमांडर भोरमदेव एरिया कमेटी

### अमरकंटक को बनाना चाहते हैं मुख्यालय

नक्सली मप्र में सुरक्षित स्थान को अपना विस्तार हेड क्वार्टर बनाना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने अमरकंटक को चुना है। उन्होंने मप्र, महाराष्ट्र और छग (एमएमसी) जोन में अमरकंटक को सेफ जोन माना है। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए नक्सलियों ने 2016-17 से अमरकंटक में विस्तार हेड क्वार्टर खोलने के लिए सर्वे शुरू कर दिया था। ऐसा ही एक जोन उन्होंने कान्हा में डेवलप किया है। सकारात्मक परिणाम नजर आ रहे हैं।

> हॉकफोर्स के जवानों से मुख्यमंत्री खुद मिले, हॉक फोर्स के लिए विशेष भत्ता दिया। इससे टीम का हौसला बढ़ा और अब सकारात्मक परिणाम नजर आ रहे हैं।
>
> - सुधीर सक्सेना, डीजीपी, मप्र

# माशिमं ने कुछ स्कूलों के लिए विलंब शुल्क में राहत दी



**भोपाल, यशभारत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल(माशिमं) की दसवीं-बारहवीं परीक्षा में जिन सरकारी या प्रायवेट स्कूलों के विद्यार्थियों की सामान्य शुल्क के शाथ फीस जमा नहीं हो पाई थी। सभी ने पहले सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करे थे। बाद में करीब सात हजार ऐसे विद्यार्थी थे, जिन्होंने दो हजार रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा करे। अब मंडल ने कुछ स्कूलों के लिए दो हजार रुपये विलंब शुल्क घटाकर 100 रुपये विलंब शुल्क की फीस कर दी। इससे सात हजार विद्यार्थियों का 1900 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क जमा कर चुके छात्रों की राशि भी लौटाना चाहिए। लेकिन मंडल ऐसे सात हजार विद्यार्थियों के करीब 1 करोड़ 33 लाख रुपये नहीं लौटाना पड़े, इसलिए गुपचुप आदेश जारी कर दिए गए। इस संबंध में मंडल के अधिकारी का कहना है कि जिन स्कूलों के संबंध में पत्र मिले थे, सिर्फ उनके ही शुल्क लौटाए जाएंगे।माशिमं की 10वीं व 12वीं परीक्षा में सामान्य शुल्क 900 रुपये फीस के फीस के साथ 30 सितंबर तक का परीक्षा फार्म जमा करने का समय दिया गया था। इसके बाद 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म भरे जा सकते थे, लेकिन स्कूलों ने कियोस्क संचालक पर अपनी जिम्मेदारी छोड़कर शांत बैठ गए। इससे कई स्कूलों के विद्यार्थियों का परीक्षा शुल्क जमा नहीं हो पाया।

**100 रुपये विलंब शुल्क के साथ फार्म जमा होंगे**



# अब रात में बढ़ने लगेगी सर्दी

**भोपाल, यशभारत।** वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और उसके आसपास बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के असर से हवा का रुख बदलने के कारण दो दिन से न्यूनतम एवं अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही थी। सोमवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे ब?ने की संभावना है। इसके बाद मंगलवार से मध्य प्रदेश में रात के तापमान में एक बार फिर गिरावट होने लगेगी। उधर रविवार को मध्य प्रदेश में सबसे कम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस नौगांव में दर्ज किया गया। ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में सुबह कोहरा भी छाया रहा। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज मुख्यत- शुष्क रहा। न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। न्यूनतम तापमान रीवा एवं शहडोल संभाग के जिलों में सामान्य से अधिक तथा शेष संभाग के जिलों में सामान्य रहे।मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से हवा का रुख उत्तर-पूर्वी एवं दक्षिण-पूर्वी हो रहा है। इस वजह से दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। सोमवार को जम्मू पर बने पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के आसार हैं। उसके बाद हवा का रुख उत्तरी होने लगेगा। जिसके चलते मंगलवार से न्यूनतम तापमान में एक बार फिर गिरावट शुरू होने की संभावना है। हालांकि सात दिसंबर को एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने के संकेत मिले हैं। इस वजह से मध्य प्रदेश में अभी कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार कम ही हैं।

**नौगांव सबसे ठंडा रहा पारा 7.4 पर**

# पुलिसवालों ने मनाया लिटिल सिंघम का बर्थडे

## बच्चे की जिद पर खाकी वर्दी पहनाई; थाने में ही कटा केक

**भोपाल,यशभारत।** अपने बर्थडे पर 4 साल के बच्चे ने माता-पिता से लिटिल सिंघम बनने की जिद की। बच्चा पुलिस के साथ ही केक काटने की बात पर अड़ गया। माता-पिता उसे पास के थाने पर लेकर पहुंचे। यहां उसका बर्थडे सेलिब्रेट किया गया। उसका कहना है कि सिंघम बनकर लड़कियों की रक्षा करूंगा। मामला भोपाल के निशातपुरा का है। यहां रहने वाले आकाश मालवीय मार्केटिंग करते हैं। उनके चार साल के बेटे रुद्राक्ष का रविवार को बर्थडे था। परिवार उसके जन्मदिन को मनाने की तैयारी कर रहा था। सुबह रुद्राक्ष ने पिता और मां ऋतु से पुलिस की वर्दी पहनकर सिंघम (पुलिस अफसर) के साथ जन्मदिन मनाने पर अड़ गया। पुलिस की समाज में डरावनी छवि की वजह से माता-पिता उसे मनाने में जुटे रहे, लेकिन मासूम नहीं माना। वह मायूम हो गया। इस पर पापा-मम्मी ने पुलिस की वर्दी और केक खरीदा। इसके बाद घर लेकर जाने लगे। लेकिन, वह पुलिस के साथ जन्मदिन मनाने पर अड़ गया। इस पर परिजन उसे निशातपुरा थाने लेकर गए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बच्चे की जिद बताई। भोपाल के निशातपुरा थाने में चार साल के रुद्राक्ष का जन्मदिन मनाया। इस दौरान लिटिल सिंघम की तरह वर्दी पहनी और केक काटा। इस दौरान परिवार के साथ थाने का पूरा स्टाफ मौजूद थे। सभी ने रुद्राक्ष का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। यह बात थाने में पदस्थ बाल कल्याण अधिकारी एएसआई सुखवीर यादव को पता चली। उन्होंने तुरंत ही मासूम को अपने पास बुलाया। उसके लिए केक, फूल माला मंगाया। थाने में उसका सभी पुलिसकर्मियों ने जन्मदिन सिलेब्रेट किया। बच्चे से जब एएसआई ने पूछा-क्या बनेगा? उसने बताया कि वह बड़े वाले सिंघम की तरह लिटिल सिंघम बनना चाहता है।



# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पूर्व बीई छात्र की संदिग्ध मौत

**भोपाल, यश भारत।** बागसेवनिया पुलिस ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पूर्व बीइ छात्र की मौत के बाद उसे जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि उसे तबीयत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे कुछ दिन से उल्टी- दस्त होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के मुताबिक छिंदवाड़ा निवासी 23 वर्षीय प्रफुल्ल बंसोड बीइ (आइटी) पिछली साल ही पास आउट हो गया था, वह बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में पुराने साथियों से मिलने आता- जाता रहता था, वह बीयू के छात्रावास में आकर ही रुकता था। जांच के दौरान सामने आया है कि उसे त्वचा संबंधी रोग था, उसका इलाज के लिए वह दवाएं खा रहा था।उसकी रविवार को छात्रावास में तबीयत बिगड़ी तो उसे साथियों ने एम्स में भर्ती कराया गया था। पुलिस को उसके कमरे से उनकी दवाओं के पर्चे भी बरामद हुए हैं।उसके हार्टअटैक की आशंका भी बन रही है। पुलिस ने प्रफुल्ल का पोस्टमार्टम कराया है, उसकी रिपोर्ट के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राजधानी के सभी स्कूलों के मिड डे मील की जांच करेंगी 20 टीमें

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी समेत जिले के ग्रामीण इलाके में स्थित सभी स्कूलों में बनने वाले मिड डे मील की जांच की जाएगी। बैरसिया के एक स्कूल में खाना खाने से बच्चे बीमार हो गए थे। इसके बाद शासन ने यह तैयारी की है। जिला प्रशासन ने इसके लिए 20 टीमें बनाने के लिए कहा है। इसमें से 12 टीमें शहरी क्षेत्र के स्कूल और 8 टीमें बैरसिया समेत पूरे ग्रामीण इलाके में जाकर स्कूलों का मुआयना करेंगी। यह टीमें पांच मापदंड पर जांच करेंगी। इनमें जिस जगह मिड-डे मील बनाया जा रहा है, वहां साफ-सफाई, भोजन के लिए इस्तेमाल होने वाले खाद्यान्नों की गुणवत्ता, भोजन बनाने वाले लोगों की दक्षता देखी जाएगी। इसके अलावा भोजन पर निगरानी करने वाले टीचर और बच्चों से फीडबैक लिया जाएगा। एसडीएम आदित्य जैन ने बताया कि सभी स्कूलों में बारी-बारी से जांच करवाएंगे। गौरतलब है कि भोपाल से करीब 40 किमी दूर बैरसिया स्थित प्राथमिक स्कूल भैंसोदा में मिड-डे मील खाकर 35 बच्चे बीमार हो गए थे। आरोप है कि इन्हें खराब बेसन और मठा की क?ी खिलाई गई थी। जिस समय भोजन बना तब शिक्षक हरि सिंह टेलर स्कूल में नहीं थे। लापरवाही बरतने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। इसके पहले भी स्कूलों में बनने वाले मिड डे मील को लेकर शिकायतें आती रही है।


### मध्य की ट्रेनों पर असर

# 6 ट्रेनें निरस्त, 10 ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया इनमें से सात गाड़ियां भोपाल होती हुई जाएंगी

**भोपाल, यशभारत।** मध्य रेलवे के भुसावल डिवीजन के जलगांव-भुसावल ठीक पर तीसरी और चौथी रेल लाइन का काम किया जा रहा है। इसके लिए जलगांव स्टेशन पर प्री नॉन और नॉन इंटरलॉकिंग की जाएगी। इसका असर पश्चिम मध्य रेलवे ट्रेनों पर भी पड़ेगा। इसके लिए रेलवे ने ट्रेनों को निरस्त करने और दस ट्रेनों का रूट डाइवर्ट करने का निर्णय लिया है। इनमें से सात ट्रेनें भोपाल होती हुई जाएंगी।

**रेलवे ने इन ट्रेनों को किया निरस्त**

ट्रेन नं. 02132 जबलपुर-पुणे स्पेशल ट्रेन रविवार को निरस्त की गई।ट्रेन नं. 02131 पुणे-जबलपुर स्पेशल ट्रेन सोमवार को पुणे से निरस्त रहेगीट्रेन नं. 22937 रीवा-राजकोट ट्रेन रविवार को रीवा से निरस्त रही।ट्रेन नं. 22938 राजकोट-रीवा ट्रेन राजकोट से सोमवार को निरस्त रहेंगी।ट्रेन 11127 भुसावल-कटनी ट्रेन भुसावल से रविवार को निरस्त रही, सोमवार भी रहेगी।ट्रेन नं. 11128 कटनी-भुसावल ट्रेन कटनी से सोमवार एवं मंगलवार को निरस्त रहेगी।इनका रूट डायवर्ट किया रविवार को छपरा से रवाना ट्रेन नंबर 19046 छपरा-सूरत एक्सप्रेस एवं 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस सोमवार को ट्रेन नंबर 22948 भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-बीना-संत हिरदाराम नगर-रतलाम-वड़ोदरा स्टेशन होकर जाएगी।सोमवार को बिलासपुर से रवाना होने वाली ट्रेन 22940 बिलासपुर एक्सप्रेस, ट्रेन 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस, ट्रेन 12625 चैन्नई-अहमदाबाद एक्सप्रेस, ट्रेन 20819 पुरी-ओखा एक्सप्रेस, ट्रेन 22827 पुरी-सुरत एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12994 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस, ट्रेन 12950 संतरा गाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया बडनेरा-भुसावल, खंडवा-इटारसी-भोपाल-रतलाम- छायापुरी स्टेशन होकर जाएगी।



# यूके में पांच साल के बच्चे को दी जाती है ट्रैफिक के लिए ट्रेनिंग

**भोपाल ,यशभारत ।** ब्रिटेन में जब बच्चा 5 साल का हो जाता है, तभी से उसको ट्रैफिक का पाठ पढ़ाना शुरू कर दिया जाता है। उनके स्कूल सिलेबस में भी इसे विस्तृत रूप से पढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा वहां की पुलिस ने बाकायदा ट्रेनिंग सेंटर खोल रखे हैं। जहां पर छोटे बच्चे से लेकर युवाओं को ट्रैफिक के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। वहां, ड्राइविंग लाइसेंस एक कठिन परीक्षा पास करने के बाद ही दिया जाता है। इसके उलट, हमारे यहां बच्चों को ट्रैफिक रूल्स बताने के लिए कोई पुख्ता व्यवस्था नहीं है। इसके सिलेबर में भी शामिल नहीं किया गया है। यह बात यूके दौरे से लौटे पुलिस अफसरों ने मध्यप्रदेश पुलिस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कही है। मप्र पुलिस के 30 एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारी ट्रेनिंग टूर पर ब्रिटेन भेजे गए थे। यह टूर ब्रिटेन के तीन शहरों लंदन, शेफील्ड और लीसेस्टर में 30 अक्टूबर से 12 नवंबर तक था। ये सभी वहां की पुलिसिंग की बारीकियों का अध्ययन करने के साथ-साथ, मध्यप्रदेश में पुलिस के तौर-तरीकों को साझा करने गए थे। ट्रेनिंग शाखा के अफसरों का कहना है कि वहां के अनुभवों और सुझाव को मध्यप्रदेश ट्रेनिंग सिलेबस में जोड़ा जाएगा। पुलिस का पूरा फोकस सिटीजन राइट पर... रिपोर्ट में अधिकारियों ने सिटीजन पुलिसिंग पर भी जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार- यूके में कम्युनिटी पुलिसिंग मजबूत है। वहां किसी भी सिटीजन को पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं होती है। शिकायत मिलने पर पुलिस स्वयं फरियादी के पास जाती है। पुलिस का फोकस सिटीजन राइट पर होता है।




### वहां ऐसे जुड़ता जाता है जुर्माना

कोई पुलिस रोड पर ट्रैफिक संभालने या नियमों का पालन करवाने के लिए नहीं होती है। हर गाड़ी खरीदने वाले के ड्राइविंग लाइसेंस से लिंक्ड होती है। अगर किसे ने ट्रैफिक नियम तोड़ा तो जुर्माना उसके लाइसेंस में जुड़ता जाता है। और जब'वह लाइसेंस रिन्यु कराने जाता है, उसे वह जुर्माना भरना प?ता है। और बार- बार नियम तोड़ने पर लाइसेंस निरस्त हो जाता है।

पुलिस का पूरा फोकस सिटीजन राइट पर... रिपोर्ट में अधिकारियों ने सिटीजन पुलिसिंग पर भी जोर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार- यूके में कम्युनिटी पुलिसिंग मजबूत है। वहां किसी भी सिटीजन को पुलिस थाने जाने की जरूरत नहीं होती है। शिकायत मिलने पर पुलिस स्वयं फरियादी के पास जाती है। पुलिस का फोकस सिटीजन राइट पर होता है।

# 16 जिलों में एकसाथ शुरू होंगे संघ के रोजगार सृजन केंद्र

**भोपाल, ईएमएस।** आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले भोपाल सहित 16 जिलों में रोजगार सृजन केंद्रों का शुभारंभ करेंगे। भोपाल में यह केंद्र सी-13, शिवाजी नगर में खुलेगा। होसबाले अगले सप्ताह चार दिन के प्रवास पर भोपाल आ रहे हैं। स्वदेशी जागरण मंच के साथ 23 संगठनों का समूह इस पूरी योजना का संचालन कर रहा है। इसे 'स्वावलंबी भारत अभियान' नाम दिया गया है। देश में अब तक 55 रोजगार सृजन केंद्र शुरू हो चुके हैं। इनमें 2 भोपाल में हैं। अगस्त में भोपाल आए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री सतीश कुमार ने निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में एक केंद्र शुरू किया था। पिछले महीने शारदा विहार में भी एक केंद्र शुरू हुआ है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री केशव दुबोलिया ने बताया कि 12 वीं पास युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए स्टार्टअप, मुद्रा लोन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित राज्य की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विषय विशेषज्ञों की भी सेवाएं ली जाएंगी। भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभागों के जिलों में ये रोजगार सृजन केंद्र शुरू किए जाएंगे। मप्र में बेरोजगार के रूप में 32.57 लाख युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जबकि सरकारी और निजी सेक्टर मिलाकर 1 लाख से कुछ अधिक पद रिक्त हैं। संघ पदाधिकारियों के अनुसार दिल्ली के बिट्टू टिक्की वाले और फ्लिपकार्ट शुरू करने वाले सचिन और बिन्नी बंसल युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन सकते हैं।

# सम्पूर्ण सस्कारों का मंच ब्राह्मण समाज ने किया 93 मेधावी छात्रों का सम्मान







***सिहोरा, यशभारत। सम्पूर्ण संस्कारों का मंच है ब्राह्मण समाज जिसने सदैव मानवता के हित के लिए परमात्मा से आराधना की है सर्वे भवंतु सुखिन: की मूल भावना को स्वीकार करते हुए राष्ट्र समाज और संस्कृति की मूल धारा से जुडते हुए प्रत्येक क्षेत्र में अपने ज्ञान एंव योग्यता का परचम फहराया है उक्ताशय के विचार राकेश पाठक प्रवीण संपादक श्री सनाढ्य संगम. महामंत्री कादम्बरी जबलपुर ने ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा रुकमणी पैलेस में आयोजित वरिष्ठ नागरिक एंव मेधावी छात्र छात्रा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए।***

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशूराम एंव मां सरस्वती का पूजन एंव सुधा उपाध्याय एंव मोहनी उपाध्याय द्वारा प्रस्तुत वंदना से हुआ। आयोजन समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक की अध्यक्षता,श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री अध्यक्ष जनपद पंचायत, श्रीमती अंचली आशीष पांडे जिला पंचायत सदस्य, शारदा तिवारी उपाध्यक्ष नगर पालिका, पूर्व विधायक संरक्षक राजभानू शुक्ल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 93 मेधावी छात्रो को प्रशस्ति पत्र अशोक उपाध्याय अरविंद उपाध्याय द्वारा पिता स्वर्गीय रामकृष्ण उपाध्याय एंव स्वर्गीय श्रीमती सुशीला उपाध्याय की पुण्य स्मृति में प्रदान किए गये। एंव समाज ने 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके श्री बेनी प्रसाद चौबे का शाल श्रीफल भेटकर सम्मान किया। समाज के संरक्षक नंदकुमार परौहा,जय प्रकाश दुबे,अश्वनी कुमार पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया,प्रवीण गौतम ,नरेन्द्र त्रिपाठी, गोपाल पाठक,सुनील तिवारी नंदू, रवि दुबे,राजेश मिश्रा,माधव मिश्रा,सुरेन्द्र तिवारी,अनिरूध त्रिवेदी, राजेन्द्र गर्ग,अनिल कुररिया,एम एल गौतम, अनिल दुबे,राजेन्द्र दुबे,नारायण तिवारी,सुरज पाठक,अवधेश दुबे,राजकिशोर तिवारी,हीराधर बडगैया,आर डी तिवारी,शैलेन्द्र दुबे सतेन्द्र तिवारी,प्रशांत बाजपेयी, अरुणा पांडे,राजू तिवारी,महिला मंडल अध्यक्ष धर्मशीला दुबे,युवा मंडल अध्यक्ष आलोक पांडे आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। समाज के संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार कवि अश्वनी कुमार पाठक ने जहां दसवीं बारहवीं के बच्चों को स्वारचित पुस्तक भेट की वहीं सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाली छात्रा स्मृति गर्ग बारहवीं, आकाश उपाध्याय दसवीं को दीवाल घडी भेंट की इसी तरह सीसीआईटी कम्प्यूटर के संचालन अनिल तिवारी द्वारा दो छात्राओं को डीसीए एंव पीजीडीसीए निशुल्क कराने की घोषणा की। कार्यक्रम एंव समाज के अध्यक्ष नें कहा की वरिष्ठ जनो का सम्मान करने से आने वाली पीढियों को मार्गदर्शन मिलता है। छात्र छात्राओं ने अपनी योग्यता से सर्वोच्च अंक प्राप्त करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया बच्चों को यह नही भूलना चाहिए की उनके अध्ययन मनन में कितना त्याग समाहित है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती दुबे ने कहा की सभी छात्र छात्राओं के लिए अनेक आयाम खुले है अपनी मेहनत के बल पर आप श्रेष्ठ पद प्राप्त कर सकते है।श्रीमती अग्निहोत्री ने कहा की आप में असंख्य संभावनाएं है उन्हे खोजकर आपको आगे बढना है। श्रीमती पांडे ने मेधावी बच्चों को संदेश देते हुए कहा की सफलता की राह कठिन है लेकिन असंभव नही है अपना लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढे हम आपके सहयोगी है।संचालन समाज के उपाध्यक्ष प्रवीण गौतम,मंत्री सुरेन्द्र तिवारी ने किया।

## स्वार्थ और अहंकार में पड़ा व्यक्ति हिंसक हो जाता है -स्वामी श्रवणानंदजी



पाटन, यशभारत। जब किसी के स्वार्थ की पूर्ति में बाधा पड़ती है व्यक्ति के अहंकार को चोट पहुंचती है तब वह क्रोध से भर जाता है और हिंसक बनकर विनाश के लिए उद्धत हो जाता है/ इंद्र की पूजा को रोककर जब श्री कृष्ण ने गोवर्धन की पूजा कराई तब इंद्र की यही दशा हुई वह भूल गया की गोप पीढ़ियों से उसकी पूजा कर रहे हैं और हिंसक बनकर उसने प्रलय कालीन बादलों को आदेश देकर व्यापक विनाश का दुष्चक्र चलाया श्री कृष्ण प्रतिकार में सक्षम थे किंतु उन्होंने गोवर्धन उठाकर ग्वाल बालों को श्रेय दिया उक्त आशय के उद्गार भागवत मर्मज्ञ संत श्रवणानंद जी महाराज ने श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में व्यक्त किए महाराज जी ने कहा की निष्ठावान ही परमात्मा को प्राप्त कर सकता है यदि किसी वृक्ष पर्वत के प्रति भी निष्ठा बन जाती है तो यही निष्ठा परमात्मा से मिलाने का माध्यम बन जाती है हमारे सनातन धर्म के प्रत्येक क्रियाकलाप विज्ञान सम्मत है किंतु हमारी आस्था धर्म पर है इसलिए उन्हें धर्म से जोड़ दिया गया है।ज्ञान यज्ञ में पधारे नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी नरसिंह दास जी महाराज ने कहा कि गोवर्धन का पूजन करा कर भगवान कृष्ण ने प्रकृति के रक्षण संरक्षण और उस से प्रेम करने का संदेश दिया है यदि हम अपने जीवन की सुरक्षा चाहते हैं तो हमें प्रकृति के वातावरण को प्रदूषण से मुक्त रखना ही होगा भागवत की शिक्षाएं हर युग के लिए उपयोगी हैं किंतु वर्तमान में इनके महत्व को जानकर उनके अनुरूप चलने की नितांत आवश्यकता है इस अवसर पर सरदार नगर होशंगाबाद के महंत केशव दास जी महाराज एवं विश्व हिंदू परिषद के अखिल भारतीय मठ मंदिर प्रमुख अशोक तिवारी जी उपस्थित थे आयोजकों की ओर से सभी अतिथि जनों का पूजन वंदन एवं सम्मान किया गया।

## हितग्राहियों को मिला मालिकाना हक



**पाटन, यशभारत।** मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को उस जमीन का मालिकाना हक मिल सके इस के लिए ड्रोन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वे कराया गया था जमीन का अधिकार सौपने के लिए ग्राम सुरैया और भमक पडरिया क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई की उपस्थिति में आबादी अधिकार अभिलेखों का वितरण किया साथ ही तहसीलदार प्रमोद चतुर्वेदी द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया।

## दर्पण रोटी बैंक द्वारा खेल महोत्सव का दो दिवसीय आयोजन



**पाटन, यशभारत।** खेल का हमारे जीवन मे महत्व है खेल से शारीरिक,बौध्दिक विकास होता है। यह बात सब जानते है आज उन महिलाओं की मिशाल बना दर्पण रोटी बैंक जो सड़को पर वा मजदूरी करने घर से बाहर जाती थी महिलाएं आज उनके अंदर की प्रतिभा को बाहर निकाला गया साथ ही उनके अंदर का जो भय था जैसे की हमारे दिन निकल गए अब क्या हम कुछ नहीं कर सकते आज इस खो-खो खेल खिलाने का मकसद यही था कि वह खुद को निखारे आपने स्वास्थ वा शारीरिक ,बौद्धिक विकास को बड़ाए इसी बात को ध्यान मे रखते हुए दर्पण रोटी बैंक के द्वार नट सेवा बस्ती की महिलाओं का खो-खो टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।जिसमे बस्ती की महिलाओं ने उत्साहउत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे श्री श्रेया खंडेलवाल बाल श्री अवार्ड स्वक्षता अभियान ब्रांड एमेडसर के द्वारा स्वक्षता अभियान की शपथ दिलवाई गई वा उनके द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया वा विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय जैन परिषद शाखा से महिलाओ को साडिया वा सुहाग का सामान उन्हे दिलवाया गया। टीम से प्रिंसी जैन जी,यश जैन जी,अंकित जैन जी, अंकित कुबेर जी,अनुज नामदेव जी उपस्थित रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा को मध्य प्रदेश ने नकार दिया है - मोनू पटेल



**गोटेगांव, यशभारत।** भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री के भतीजे पूर्व राज्य राज्यमंत्री नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह पटेल के बेटे भाजपा युवा नेता मणिनागेंद्र सिंह मोनू पटेल ने राहुल गाँधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे भारत जोड़ो यात्रा को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि भारत एक है और जुड़ा हुआ है, भारत को जोड़ने और तोड़ने की बात करने वाले लोग सत्ता के लोभी हैं। उन्होंने कहा कि ये यात्रा बेबुनियाद है जिसे मध्य प्रदेश कि जनता ने नकार दिया है। हमारे लिए राष्ट्रहित सर्वोपरी है और भारतीय जनता पार्टी इसी के तहत काम करती है। युवाओं के बीच जनसुनवाई के लिए काफी चर्चित मोनू पटेल ने कहा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस इस यात्रा को भुनाने कि कोशिश कर रही है लेकिन लोगों ने पहले ही बता दिया कि यह ढोंग नहीं चलेगा, सत्ता के लिए काम करना पड़ता है लोगों के दिलों में जगह बनाना पड़ता है। मोनू पटेल ने भाजपा द्वारा प्रदेश में किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश कि जनता भाजपा के साथ है और हम फिर से सरकार बनाएंगे। बता दें कि कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश तक पहुंच चुकी है। मध्य प्रदेश यात्रा का पहला हिंदी भाषी राज्य है जहाँ आगामी चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को यहाँ कई चुनौतियों का सामना करना होगा। मध्य प्रदेश में पिछले दो दशकों से भाजपा की सरकार है, हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव के बाद 15 महीनों के लिए कांग्रेस को सत्ता सुख का सौभाग्य मिला था लेकिन राजनीतिक उथल-पुथल के बाद भाजपा फिर से सत्ता हासिल करने में सफल हुई थी।

## दिव्यांग/आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान

### रेलवे सुरक्षा बल द्वारा 611 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की

**जबलपुर यशभारत।** यात्रियों को उनके गन्तव्य तक सुरक्षित पहुंचाना भारतीय रेलवे का ध्येय है। इसके साथ ही दिव्यांग जनों/यात्रियों को सुरक्षित एवं सुलभता पूर्वक यात्रा प्रदान कराना भी रेलवे की जिम्मेदारी है। इस जिम्मेदारी के तहत रेलगाड़ी में दिव्यांगजनो को सुलभ यात्रा के लिए आरक्षित कोच की व्यवस्था की गयी है जिसमें मूलतः दिव्यांगजनों को ही यात्रा करने का अधिकार दिया गया है, परन्तु दिव्यांगजनो के अतिरिक्त अन्य यात्री भी अनाधिकृत रूप से दिव्यांग कोच में यात्रा कर दिव्यांग जनों के लिए असुविधा पैदा करते हैं। इस प्रकार की शिकायतें आए दिन सोशल मीडिया एवं अन्य श्रोतो के माध्यम से रेलवे को प्राप्त होती रहती हैं।इस तरह की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए रेल सुरक्षा बल द्वारा मण्डल रेल प्रबधक जबलपुर के मार्ग दर्शन और वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त के नेतृत्व में तथा आरपीएफ स्टॉफ के पर्यवेक्षण में यात्री गाडियों के दिव्यांग/आरक्षित कोचों मे अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के विरूद्ध एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्टेशनों पर दिव्यांग/आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा नहीं करने के संबंध में यात्रियो को जागरूक किया गया तथा इसके अतिरिक्त आरपीएफ द्वारा दिव्यांग एवं आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये एक सप्ताह का *विशेष अभियान 25 नवंबर से 1. दिसंबर.2022 तक चलाया गया। इस अभियान के दौरान रेल अधिनियम की धारा 155 के तहत कुल 164 व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त *रेल सुरक्षा बल जबलपुर मण्डल द्वारा की जाने वाली दैनिक कार्यवाही के दौरान ऐसे लोगों के विरूद्ध वर्ष 2022 में जनवरी से अब तक कुल 611 व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।रेल प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन ना करने वाले और यात्री गाडियों के दिव्यांग/आरक्षित कोचों मे अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वालों के विरूद्ध विशेष अभियान आगे भी इसी तरह निरंतर जारी रहेंगे।

## ..और जीआरपी के एएसआई गौतम ने बचा ली अधेड़ की जान



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के मैहर रेलवे स्टेशन मैं आज एक बड़ी घटना होने से उस समय टल गई जब एक 50 वर्षीय अधेड़ रेलवे लाइन के किनारे चल रहा था और उसको अचानक चक्कर आया तो वह वही घूमने लगा इसी दौरान ट्रेन को चेक करने पहुंचे एएसआई शिव कुमार गौतम ने जब अधेड़ को घूमते हुए देखा तो वह फौरन मौके पर पहुंचे और अधेड़ को खींचकर किनारे ले आए जिससे उसकी जान बच गई एएसआई श्री गौतम द्वारा की इस हुनरता को जब स्टेशन में खड़े रेल यात्रियों ने देखा तो उनकी काफी सराहना की। इस संबंध में मैहर जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि 50 वर्षीय पप्पू सरोज पिता गया सरोज निवासी देवराज पुरा जिला प्रयागराज का रहने वाला है वह आज सुबह मैहर रेलवे स्टेशन में रेलवे लाइन के किनारे चल रहा था इसी दौरान उसको अचानक चक्कर आ गया और वह मुंबई से चलकर पटना जाने वाली गाड़ी संख्या 13202 जनता एक्सप्रेस गुजर रही थी इसके पूर्व ट्रेन की चपेट में आता की एएसआई गौतम ने उसकी जान बचा ली बाद में उसको सुरक्षित स्टेशन लाया गया इसके बाद जीआरपी ने अग्रिम कार्रवाई की।

### सेवाभारती महाकोशल ने किया प्रभातफेरी का सम्मान

जबलपुर, यशभारत। माढ़ोताल सेवा बस्ती मैं चलने वाली प्रभातफेरी के सदस्यों का सम्मान सेवा सदन मैं किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में अनिल गुप्ता भाग संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कृषि भाग उपस्थित रहे सेवाभारती महाकोशल की ओर सेसचिव श्री अनिल शर्मा सह सचिव श्री वृजभूषण दुवे सामाजिक आयाम के प्रमुख श्री अतीत तिवारी कोषाध्यक्ष अनुराग सोनी संगठन मंत्री महेश राजेश जैन यशबेन्द्र ठगेले सचिन अग्रवाल चंद्रभान कोष्ठा तथा प्रभातफेरी के सदस्य श्री गणेश पटेल प्रकाश तथा सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## निवास के पटवारी की कुंडम में मिली लाश



**जबलपुर यश भारत।** कुंडाम आज सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब एक 30 वर्षीय पटवारी की लाश उन लोगों ने रोड किनारे पड़े हुए देखा इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है इस घटना के संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 वर्षीय अरुण भादले पिता एम सा भादले मंडला जिले के निवास में पटवारी के पद पर पदस्थ था और वह शराब पीने गया गीत है देर रात उसने जमकर शराब पी जिससे वह रोड किनारे ही पढ़ा रहा और ठंड में उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है/

## बार बार बिजली बंद से जनजीवन हुआ त्रस्त

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर की व्यस्ततम क्षेत्र पथरिया कुआं से मुरलीधर मंदिर होते हुए किसानी मोहल्ला जाने वाली बस्ती पर वर्तमान में बिजली विभाग का सितम जारी है बगैर कोई सूचना के घंटों बिजली बंद होना इस विभाग की आदत में शुमार है विगत कई वर्षो से देखा जा रहा है कि इस रूट की लाइन मैं कोई कार्य हो अथवा ना हो सुधार कार्य हो अथवा ना हो बगैर कोई पूर्व सूचना के विद्युत प्रदाय बंद कर दिया जाता है जो कि 10-15 मिनट से हो लेकर घंटो तक रहता है यहां के वाशिंदे बिजली विभाग की इस करतूत से कई दिनों से परेशान हो रहे हैं फिर भी संबंधित विभाग के जवाबदार अधिकारी कुंभकरण की नींद में मस्त है लापरवाही विभाग द्वारा चरम सीमा पर बढ़ती जा रही है यह क्षेत्र बजरंग वार्ड, शास्त्री वार्ड हरदोल वार्ड बोस वार्ड आदि सीमा को जोड़ता है इस विभाग की विडंबना यही है कि क्षेत्रों की बिजली चाहे दिन दोपहर सुबह शाम रात्रि चाहे जब बिजली का प्रदाय बंद कर दिया जाता है फोन करने पर पता चलता है कि यहां पर सुधार कार्य जारी है परंतु बिना सुधार की भी यहां की बिजली बंद कर दी जाती है क्या यह क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र में आता है यह किसी को नहीं मालूम नगर में जन चर्चा है कि नेता लोग चुनाव में इन वार्डो से तो शहरी क्षेत्र में मतदान करवाते हैं।परन्तु बिजली काटना किस क्षेत्र में आता है यह जनता को समझाना चाहिए बार-बार बिजली के बंद होने से क्षेत्र की जनता बहुत परेशान होती है उसी समय नगर पालिका के द्वारा जल सप्लाई की जाती है इस कारण से यह समय अति महत्वपूर्ण होता है परंतु जल सप्लाई के समय ही बिजली बंद कर दी जाती है जिससे कुछ लोगों को पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पाता है आखिर यह बिजली विभाग का सितम इन वार्डो के लिये कब तक जारी रहेगा। संबंधित विभाग एवं जवाबदार अधिकारी इस ओर शीघ्र ध्यान दें ऐसी जन अपेक्षा की गई है।

## 25 दिसंबर को कलचुरी समाज का परिचय सम्मेलन

**जबलपुर।** कलचुरी समाज का विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 25 दिसंबर कलचुरी समाज भवन स्नेह नगर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक रविवार को कलचुरी महासभा जबलपुर के अध्यक्ष मनोहर चौकसे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। श्री चोकसे ने अभी तक किए गए कार्य की जानकारी दी एवं शेष कार्यो पर चर्चा कराई गई। महामंत्री इंजीनियर बीडी राय ने बताया कि समाज की कलचुरी गौरव पत्रिका में आगामी 15 दिसंबर तक ही बायोडाटा लिए जाएंगे। बैठक में महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राजेश जायसवाल, सरंक्षक आरएल शिवहरे, जीएस चौकसे, व्हीके गुप्ता, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौकसे, श्रीमती मीना शिवहरे, श्रीमतीअपर्णा चौकसे, गोविंद चौकसे, सतगुरु राय, जय चौकसे, सुरेश चौकसे, मिथलेश चौकसे, जेपी शिवहरे, राधेश्याम राय, संजय शिवहरे, राजीव चौकसे, मनीष चौकसे, सतीश राय आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही

### दिव्यांग प्रतिभा का हुआ सम्मान, समस्याओं पर किया मंथन

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर भारती विकलांग विकास मंच द्वारा इंद्र कुमार पटेल प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला कंदरा खेड़ा का शिक्षा में विशेष योगदान के लिए सम्मान किया गया साथ ही मंच द्वारा दिव्यांगों के लिए शासकीय सेवाओं में रिक्त पदों की पूर्ति,पदोन्नति में आरक्षण , शिक्षा , स्वास्थ्य, रोजगार , स्वरोजगार, विशेष वाहन भत्ता व सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा प्रत्येक क्षेत्र समान अवसर जैसी समस्याओं पर विचार मंथन हुआ।इस अवसर पर सुरेश चंद यादव, शिव शंकर कपूर, वसंत पटेल, शिवेंद्र सिंह परिहार, इंद्र कुमार पटेल, डॉक्टर आर्यन पटेल ,आर.आर .तिवारी सुनील कुमार जैन, डॉ . एच.पी. तिवारी, अन्नू लाल महोबिया, पंकज जैन ,हिदायत हुसैन ,कोमल सिंह बघेल, राजेंद्र रैकवार राजकुमार झारिया सुरेश रजक ,गुड्डा लाल विश्वकर्मा पुष्पेंद्र पटेल व संजय झारिया ने विचार मंथन में अपने विचार रखे।

## शटल एवं फ़ास्ट पैसेंजर चलाने की मांग

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में वर्तमान समय एवं यात्रियों के दबाव के चलते जनता ने भारत सरकार रेल मंत्रालय से फास्ट पैसेंजर एवं शटल गाड़ी पुनः चालू करने की मांग की है स्मरण हो की कोरोना कॉल के चलते शटल गाड़ी एवं फ़ास्ट पैसेंजर गाडी को आगामी आदेश तक के लिए बंद कर दिया गया था जो अभी तक बहाल नहीं हो पाई है इसके बदले चार डब्बे की मेमू ट्रेन चलाना कहां तक उचित है इसका जवाब आगामी चुनाव में भारत की जनता जरूर देगी यह जनता अभी से मन बनाने लगी है कि यदि उक्त गाड़ियां पुनः पटरी पर नहीं आती है तो इसका करारा जवाब राजनैतिक दलों को दिया जाएगा पांच डब्बों की मेमू ट्रैन जिसमें यात्रियों के लिए कोई सुविधा भी नहीं है और किराया भी डबल लिया जा रहा है जिससे यात्रियों के साथ और अप डाउन करने वाले यात्रियों के साथ छलावा किया जा रहा है साथ ही साथ श्रीधाम स्टेशन पर डिस्प्ले बोर्ड की भी आवश्यकता महसूस की जा रही है परंतु रेल विभाग उदासीन बना हुआ है केंद्र सरकार की क्या मंशा है यह जनता जनार्दन की समझ से पर यह है जनता की मांग है कि शटल गाड़ी एवं फास्ट पैसेंजर अति शीघ्र अति शीघ्र चलाई जाए और मेमू को बंद किया जाए। जिससे अप डाउन करने वाले गरीबों की रोजी रोटी चल सके सनद रहे की हजारों की तादाद में गरीब व्यक्ति उक्त ट्रेनों से अप डाउन कर अपने काम धंधे की तलाश में शहरों में जाकर अपना उदर पोषण करता था जो अब उक्त ट्रेनों की बंद हो जाने के कारण गरीबों को अपनी गरीबी पुनः याद आने लगी है गरीब जनता अपने परेशानी के कारण आगामी चुनावों में मन बना चुकी है कि यदि सटल गाड़ी और फास्ट पैसेंजर यह तो ट्रेन है यदि चालू नहीं होती हैं तो जनता कुछ भी कर सकती है राजनीतिक दलों को अभी भी समय रहते सचेत हो जाना चाहिए जिससे गरीब जनता परेशान ना हो। शीघ्र ही डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाने चाहिए ऐसी जनता जनार्दन ने मांग की है।



## यातायात सुरक्षा हेतु जनजागरूकता अभियान

**गोटेगांव, यशभारत।** स्थानीय बाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित श्रीदेव मुरलीधर हायर सेकेंडरी विद्यालय में यातायात सुरक्षा हेतु जन जागरूकता अभियान का आयोजनकिया गया सर्वप्रथम मां सरस्वतीमैयाजी के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीपप्रज्वलित किए जाने के उपरांत संस्थाप्राचार्य शिवशंकर पाठक द्वारा छात्रछात्राओं को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को सड़क में प्रवेश करने के नियम सड़क में चलने के नियम यातायात संकेत सड़क दुघर्टना के कारण निवारण के साथसाथ मोटर व्हीकलएक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक विस्तृत जानकारियां देने के अलावा अभियान में चार पहियावाहन पर सीटबेल्ट का प्रयोग करने नशा व शराब पीकर वाहन न चलाने उचित दूरी बनाकर चलने जेब्राक्रासिग पर वाहन की गति धीमी करने व पैदल यात्रियों को चलने का अव३सर देना सड़कों पर लगे यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करना दो पहिया वाहनचालक को हेलमेट लगाने वाहनतेज गति से न चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने जैसे अन्य नियमों के प्रति भी जागरूककर ऊजल्दी से देर भली जीवन अमूल्य है,,इस अभियान कार्यक्रम की बालशिक्षा समिति पदाधिकारियों व सदस्यों ने सराहना की इस अवसर पर संस्थाप्राचार्य शिवशंकर पाठक प्रभारी संदीपजैन प्रभारी अजय कुमार यादव सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# फीफा वर्ल्ड कप में दिखा मेसी मैजिक

# पीछे छूटे रोनाल्डो, अर्जेंटीना ने तोड़ा ऑस्ट्रेलिया का सपना

अल रेयान (कतर), एजेंसी। लियोनेल मेसी ने अपने करियर के 1000वें मैच में सभी को एक बार फिर मंत्रमुग्ध कर दिया। शनिवार को रात फीफा वर्ल्ड कप 2022 के अपने अंतिम 16 मुकाबलों में अर्जेंटीना ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। अर्जेंटीना के कप्तान ने अहमद बिन अली स्टेडियम में अपने करियर का 789वां गोल किया। मेसी के गोल ने अर्जेंटीना को टीम को 35वें मिनट में ही बढ़त दिला दी। 57वें मिनट में जुलियन अल्वारेज के गोल ने टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। 77वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए एंजो फर्नांडीज ने ओन गोल किया लेकिन अंत में टीम आसानी से विजेता बन गई। आज की ब्लॉकबस्टर डील - क्रोमा 40 स्मार्ट एलईडी टीवी सिर्फ 18,990 रुपये में। डॉल्बी ऑडियो के साथ विविड पिक्चर इंजन 7



## नॉकआउट में पहला गोल

लियोनेल मेसी का यह फीफा वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में पहला गोल है। उनकी टीम 2014 में फाइनल तक पहुंची थी लेकिन मेसी नॉकआउट में कोई नहीं कर पाए थे। क्लब और देश के लिए पिछले आठ मैचों में मेसी का यह 13वां गोल है। करियर के 1000 मैच में उनके 789वां गोल हो चुके हैं। वहीं इंटरनेशनल फुटबॉल में उनके नाम 94 गोल हैं।

## रोनाल्डो और माराडोना पीछे छूटे

लियोनेल मेसी ने इस मैच में महान डिएगो माराडोना के साथ ही अपने प्रतिद्वंदि क्रिस्टियानो रोनाल्डो को भी पीछे छोड़ दिया है। मेसी के फीफा वर्ल्ड कप में 9 गोल हो गए हैं। वह टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाले अर्जेंटीना के खिलाड़ी हो गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड माराडोना (8 गोल) के नाम दर्ज था। वहीं रोनाल्डो के भी वर्ल्ड कप में 8 ही गोल हैं। हालांकि उनके पास अभी मेसी से आगे बढ़ने का मौका है।

## मेसी ने लगाई रिकॉर्ड की झड़ी

इसके साथ ही मेसी अर्जेंटीना के लिए फीफा वर्ल्ड कप के नॉकआउट में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्होंने रोबर्टो अयाला को पीछे छोड़ा। मेसी 35वां जन्मदिन मनाने के बाद फीफा वर्ल्ड कप में कम से कम तीन गोल करने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। उनके अलावा सिर्फ कैमरून के रोजर मिला (5) ही ऐसा कर सके हैं। अब क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अर्जेंटीना की भिड़ंत नीदरलैंड्स से होगी। पहले प्री क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड्स ने अमेरिका को हराया था।

# आखिरी ओवर्स में खराब फील्डिंग से हारी टीम इंडिया

## हिट विकेट हुए इबादत, विराट का शानदार कैच

मीरपुर , एजेंसी। आखिरी ओवरों में खराब फील्डिंग के कारण टीम इंडिया बांग्लादेश के खिलाफ पहला वनडे एक विकेट से हार गई। बांग्लादेश जीत के लिए 51 रन की जरूरत थी और आखिरी जोड़ी मैदान पर थी। इस दौरान कैच के चांस बने। लेकिन, भारत इन्हें भुना नहीं सका और मैच हार गया। हार के बावजूद मैच में विराट कोहली का शानदार कैच, इबादत हुसैन का हिट विकेट जैसे कई मोमेंट्स देखने को मिले।

### हिट विकेट हुए इबादत

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन हिट विकेट हो गए। 39वें ओवर में कुलदीप सेन की बाउंसर को इबादत बैकफुट पर खेलने गए, लेकिन वो क्रीज में ज्यादा ही अंदर तक चले गए। उनका पिछला पैर स्टंप्स से लग गया, जिस कारण उन्हें हिट विकेट होकर पवेलियन लौटना पड़ा।टीम इंडिया ने मैच में 3 कैच छोड़े। रोहित शर्मा ने 13वें ओवर में लिटन दास का स्लिप में कैच छोड़ा। 43वें ओवर में शार्दूल ठाकुर की गेंदबाजी पर 2 बार मेहदी हसन के कैच उठे। पहले कीपर केएल राहुल ने फाइन लेग की ओर दौड़ते हुए आसान कैच टपकाया। अगली ही बॉल पर थर्ड मैन की ओर कैच उठा। लेकिन, वॉशिंगटन सुंदर कैच लेने के लिए दौड़े ही नहीं।आखिर के ओवर्स में ग्राउंड फील्डिंग भी खराब रही। सुंदर ने फील्डिंग में एक चौका गंवा दिया। वहीं, बाकी फील्डर्स भी आखिर के ओवर्स सुस्त ही नजर आए।केएल राहुल ने 43वें ओवर में मेहदी हसन मिराज का आसान कैच छोड़ दिया।

### 8 रन में गिरे 5 विकेट

बांग्लादेश टीम एक वक्त तक 4 विकेट पर 128 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। लेकिन, शार्दूल ठाकुर ने महमूदउल्लाह को 128 रन पर स्लक्ष्र कर दिया। अगले ही ओवर में मोहम्मद सिराज ने मुशिफकुर को आउट कर दिया। फिर 134 पर कुलदीप सेन ने अफीफ हुसैन को आउट किया। 135 रन पर कुलदीप ने ही इबादत को भी पवेलियन भेज दिया। फिर 136 रन पर सिराज ने हसन महमूद का विकेट लिया। इस तरह 8 रन बनाने में ही बांग्लादेश के 5 विकेट हो गए। भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक हाथ से शानदार कैच पकड़कर दर्शकों का ध्यान खींचा। कोहली ने 24वें ओवर में कैच लेकर शाकिब अल हसन को पवेलियन भेजा। वॉशिंगटन सुंदर की शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ बॉल को शाकिब ने ड्राइव करना चाहा। जहां कवर पर खड़े कोहली ने एक हाथ से हवा में उछलकर कैच पकड़ लिया। शाकिब ने 38 बॉल पर 29 रन बनाए।

### भारत को पहली बॉल पर विकेट

187 रन का टारगेट डिफेंड करते हुए भारत को पहली ही बॉल पर विकेट मिला। दीपक चाहर ने दूसरी पारी की पहली ही बॉल शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ डाली। बांग्लादेशी ओपनर नजमुल हसन शांतो इसे बैकफुट पर खेलने गए। लेकिन, बॉल शांतो के बैट का बाहरी किनारा लेते हुए स्लिप में खड़े रोहित के पास चले गई। रोहित ने कोई गलती नहीं की और शांतो को पवेलियन लौटना पड़ा। पहली पारी में बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने विराट कोहली का फ्लाइंग कैच पकड़ा। 11वें ओवर में शाकिब की चौथी बॉल पर विराट ने लॉफ्टेड कवर ड्राइव खेला। कोहली इसे कंट्रोल नहीं कर पाए। बॉल हवा में गई और लिटन ने हवा में डाइव मारते हुए शानदार कैच पकड़ लिया। विराट 15 बॉल में 9 रन बनाकर आउट हुए।

# नीदरलैंड क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम, अमेरिका को 3-1 से हराया

**अल रेयान, एजेंसी। नीदरलैंड शनिवार रात खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में फीफा विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मैच में डेंजेल डमफ्राइज ने शानदार प्रदर्शन किया। राउंड-16 मुकाबले में अमेरिका को 1-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी। नीदरलैंड के लिए मेंफिस डीपे (10वें मिनट), डाले ब्लाइंड (45+1वें मिनट) और डमफाइज (81वें) ने गोल किए। डमफाइज ने अन्य दोनों गोल करने में भी मदद की। ग्रुप ए में दो जीत और एक ड्रा से शीर्ष पर रही नीदरलैंड को इस मुकाबले में प्रबल दावेदार माना जा रहा था और उसने इसके अनुरूप प्रदर्शन किया। अब क्वार्टरफाइनल में उसका सामना अर्जेंटीना और आस्ट्रेलिया के बीच देर रात होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। अमेरिका के लिए एकमात्र गोल हाजी राइट ने 76वें मिनट में दागा।**



अच्छी टीमों को गोल करने का सिर्फ एक मौका चाहिए होता है और नीदरलैंड के साथ ऐसा ही हुआ। मैच के शुरू में ही मिडफील्ड में अच्छे पास देखने को मिले और ऐसे ही पास पर डेंजेल डमफ्राइस ने बॉक्स के ऊपर मेंफिस डीपे को क्रास दिया और उन्होंने बड़ी खूबसूरती से नेट में बायीं ओर दनदनाता हुआ गोल कर दिया। अमेरिका के गोलकीपर मैट टर्नर के पास इस रोकने का कोई मौका नहीं था।

यह डीपे का 44वां अंतरराष्ट्रीय गोल था जिससे नीदरलैंड की टीम 1-0 से आगे हो गई। हाफ टाइम से पहले इंजुरी टाइम में डेल ब्लाइंड ने टीम के लिये दूसरा गोल दाग दिया। इससे विश्व कप में तीन बार की उप विजेता रही 'ओरांजे' ने बढ़त दोगुनी की। डमफ्राइज ने फिर गोल करने में मदद की, उनके क्रास पर ब्लाइंड ने भागते हुए अमेरिका के बॉक्स से गोल कर दिया जो नेट के कॉर्नर में पहुंचा।पहले गोल के बाद हालांकि खेल थोड़ा धीमा हो गया जिसमें अमेरिकी टीम का गेंद पर कब्जा अधिक रहा लेकिन टीम कोई अच्छा प्रयास नहीं कर सकी। इससे नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति पर कोई दबाव नहीं था। अमेरिका को मैच में वापसी के लिये रणनीति में बदलाव की दरकार थी। 43वें मिनट में नीदरलैंड के गोलकीपर आंद्रियास नोपर्ट की परीक्षा हुई जब टिम विया ने बॉक्स के किनारे से शॉट लगाया जिसका उन्होंने डाइव करते हुए शानदार बचाव किया।दूसरे हाफ में अमेरिका ने हमले तेज कर दिये जिसमें 52वें मिनट में क्रिस्टियन पुलिसिच का शॉट सीधे नीदरलैंड के गोलकीपर के हाथ में चला गया। दो मिनट बाद मैकेनी का शॉट नीदरलैंड के क्रासबार के ऊपर से निकल गया। क्रिस्टियन पुलिसिच पर फाउल के लिये 60वें मिनट में नीदरलैंड के टेयून कूपमेनर्स को पीला कार्ड दिखाया। अगले ही मिनट में अमेरिकी गोलकीपर मैट टर्नर ने शानदार बचाव करते हुए मेंफिस डीपे को दूसरा गोल करने से वंचित कर दिया। अमेरिका के खिलाड़ी गोल करने के लिये बेताब थे और दबाव में कई शॉट लगा रहे थे। स्थानापन्न खिलाड़ी हाजी राइट 75वें मिनट में गोल करने का अच्छा मौका चूक गये लेकिन अगले ही मिनट में उन्होंने गोल कर अंतर कम किया। पुलिसिच के क्रास पर राइट ने इसे नेट में पहुंचा दिया। नीदरलैंड ने इसके बाद हमले तेज किए और दो गोल करने में मदद करने वाले डमफ्राइज ने 81वें मिनट में शानदार मौके का फायदा उठाकर आसानी से गोल कर अपनी टीम को 3-1 से आगे कर दिया। डीपे ने बायीं ओर अमेरिकी डिफेंडरों से गेंद ब्लाइंड की ओर बढ़ायी जिन्होंने डमफ्राइज की ओर क्रास दिया और उन्होंने इसे सीधे नेट में डाल दिया।

# शशि कपूर ने घरवालों को दी थी खुदकुशी की धमकी, सुसाइड नोट में लिखा था यह सब

एक्टर शशि कपूर की 4 दिसंबर को डेथ एनिवर्सरी थी। शशि कपूर ने घरवालों को खुदकुशी करने की धमकी दे डाली थी। यही नहीं, उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखकर भेज दिया था। शशि कपूर के घरवाले घबरा गए थे। एक्टर ने खुद इसका खुलासा किया था। शशि कपूर ने एक बार सुसाइड की धमकी देकर नोट लिख था कपूर खानदान में ऐसे कई चिराग रहे हैं, जिन्होंने अपनी रोशनी से हिंदी सिनेमा को जगमग किया और विदेशों में भी नाम कमाया। ऐसा ही एक चिराग थे शशि कपूर, जिनका 4 दिसंबर 2017 में निधन हो गया था। शशि कपूर एक एक्टर ही नहीं बल्कि प्रोड्यूसर भी थे। अपने 50 साल लंबे करियर में शशि कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं और कई अवॉर्ड जीते। शशि कपूर को चार नैशनल अवॉर्ड, दो फिल्मफेयर अवॉर्ड, पद्म भूषण और दादासाहेब फाल्के जैसे सर्वश्रेष्ठ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। शशि कपूर की 4 दिसंबर को पांचवी डेथ एनिवर्सरी है और इस मौके पर जानिए वह किस्सा जब एक्टर ने परिवार को खुदकुशी करने की धमकी दी थी और एक सुसाइड नोट तक लिख दिया था।



Shashi Kapoor के बचपन का नाम बलबीर राज कपूर था। वह राज कपूर और शम्मी कपूर के सबसे छोटे भाई थे। एक्टिंग में आने से पहले शशि कपूर पिता पृथ्वीराज कपूर के नाटकों में एक्टिंग किया करते थे। फिल्मों में उन्होंने 40 के दशक में एंट्री की थी। एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर शशि कपूर ने कई फिल्मों में काम किया। बाद में शशि कपूर ने कुछ फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया। इनमें च्पोस्ट बॉक्स 999ज, च्गोस्ट हाउसज, च्दूल्हा दुल्हनज और च्श्रीमान सत्यवादीज जैसी फिल्में शामिल हैं। शशि कपूर ने बॉलीवुड के अलावा इंग्लिश फिल्मों में भी काम किया था। फिल्मी करियर के अलावा शशि कपूर अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहे।शशि कपूर ने एक बार एक इंटरव्यू में अपनी जिंदगी को लेकर कई खुलासे किए थे। उन्होंने बताया था कि किस तरह मां रामसरणी उन्हें कोख में ही मार देना चाहती थीं। चूंकि पहले से ही उनके दो बेटे थे और बेटी थी, इसलिए वह और बच्चा नहीं चाहतीं। लेकिन शशि कपूर का तो इस दुनिया में आना तय था। शशि कपूर ने यह भी बताया था कि एक बार उन्होंने घरवालों को खुदकुशी की धमकी दे दी थी और सुसाइड नोट भी लिखकर भेज दिया था। साल 1995 में जर्नलिस्ट प्रिया वॉरियर को दिए इंटरव्यू में शशि कपूर ने बताया था कि जब वह स्कूल में पढ़ते थे तो उन्होंने मां को धमकी दे दी थी कि वह सुसाइड कर लेंगे। इसकी वजह बताते हुए शशि कपूर ने कहा था, च्मैट्रिक मेरे जो नंबर आए थे, मैं उनसे खुश नहीं था। मैं एकदम रोने वाला था। वो मुझे माथेरान हॉलीडे पर लेकर गए। फिर मुझे बार्न्स स्कूल, देवलाली भेज दिया गया।

# माधुरी दीक्षित ने दिल ये पुकारे पर किया डांस तो लोग बोले- पाकिस्तानी के नक्शेकदम पर आप क्यों

**मुंबई, ईएमएस। बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित भले ही इन दिनों ज्यादा फिल्में नहीं कर रही हैं लेकिन वो अक्सर अपने वायरल कॉन्टेंट की वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। माधुरी दीक्षित कभी रियलिटी शोज में लटके-झटके लगाती हैं तो कभी अपने फोटोशूट से दिल चुरा लेती हैं लेकिन अब वो अलग कारण से चर्चे में बनी हुई हैं। पाकिस्तानी गर्ल के वायरल रीमिक्स गाने च्मेरा दिल ये पुकारे आजाज पर माधुरी खुद की स्पिन देने वाली पहली भारतीय हस्तियों में से एक बन गई हैं, जिसे पिछले महीने एक शादी में एक पाकिस्तानी लड़की आयशा ने पहली बार फेमस बनाया था। एक्ट्रेस ने अक्सर गानों के वायरल ट्रेंड को फिर से बनाया है और क्लासिक गाने पर डांस किया है।**

आज की ब्लॉकबस्टर डील - क्रोमा 40 स्मार्ट एलईडी टीवी सिर्फ 18,990 रुपये में। डॉल्बी ऑडियो के साथ विविड पिक्चर इंजन 7

### माधुरी ने वायरल गाने पर किया डांस

शीयर बीडेड साड़ी पहने एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने अपनी वैनिटी वैन में इस गाने पर डांस किया। डांस में अपने टैलेंट का तड़का जोड़ते हुए वह ज्यादातर वायरल कॉन्टेंट को फॉलो करती हैं। माधुरी ने च्दिल ये पुकारेज्गाने पर भी डांस किया और कुछ फैंस ने इसे पसंद किया और कहा कि वह बहुत खूबसूरत लग रही हैं और इसे च्च्शानदारज्ज कहा। हालांकि, एक फैन ने लिखा, च्आप दूसरों के कदमों की नकल क्यों कर रहे हैं, आप माधुरी हैं कृपया ऐसा न करें।ज

### पाकिस्तानी गर्ल का वायरल डांस

डीजे उस्मान भट्टी का रीमिक्स किया गया च्मेरा दिल ये पुकारे आजाज पहली बार नेटिज़न्स के ध्यान में आया जब पाकिस्तानी गर्ल आयशा ने पहली बार 11 नवंबर को एक शादी में इसपर परफॉर्म किया। लाहौर, पाकिस्तान की ये लड़की जल्दी से रातोंरात सनसनी बन गई। वह तब से दूसरे गानों के लिए भी फेमस हो रही हैं। कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने वायरल गाने को ऑनलाइन रीक्रिएट किया है, सभी खुद भी वायरल होने की उम्मीद में हैं।

### च्मेरा दिल ये पुकारे आजा ओरिजिनल

लता मंगेशकर का गाया गया च्मेरा दिल ये पुकारे आजाज को वैजयंतीमाला और प्रदीप कुमार पर फिल्माया गया था। ब्लॉकबस्टर हिट के लिए संगीत हेमंत कुमार ने तैयार किया था। माधुरी फिलहाल डांस रियलिटी शो च्झलक दिखला जाज के नए सीज़न में जज के रूप में दिखाई दे रही हैं। आनंद तिवारी का निर्देशित और गजराज राव, ऋत्विक भौमिक, बरखा सिंह और माधुरी की नई फिल्म च्मजा मांज का प्रीमियर 6 अक्टूबर को अमेज़न प्राइम वीडियो पर हुआ।





# कतर में कहर ढा रहीं रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिगेज, बीच पर दिखा हॉट लुक


दोहा, एजेंसी। कतर में आग लगा रहीं रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रोड्रिगेज फीफा वर्ल्ड कप 2022 (Fifa World Cup) में नॉकआउट के मुकाबले शुरू हो गए हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल भी नॉकआउट में है। टीम को आखिरी ग्रुप मैच में दक्षिण कोरिया से हार मिली थी। पुर्तगाल को सपोर्ट करने के लिए क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पार्टरन जॉर्जिना रोड्रिगेज भी टीम को सपोर्ट करने कतर पहुंची हैं। वह मस्ती करने बीच पर गई। वहां की उनकी बिकनी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहीं।

### स्टेडियम में भी आईं नजर

जॉर्जिना पुर्तगाल के मुकाबले के दौरान स्टेडियम में भी नजर आईं। टीम का आखिरी ग्रुप मुकाबला साउथ कोरिया से था।

### बच्चे भी थे साथ

रोनाल्डो के बच्चे भी अपने पिता को सपोर्ट करने कतर पहुंचे हैं। वे जॉर्जिया के साथ स्टेडियम भी पहुंची थे। रोनाल्डो की पार्टनर ने खुद सोशल मीडिया पर ये फोटो शेयर किये।



# जबलपुर विकास से अछूता नहीं, जो प्रोजोक्ट है उन्हें जल्द पूरा करना है: कलेक्टर

**यशभारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में नवागत कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने विशेष चर्चा में अपने व्यक्तिगत पल साझा करते हुए कहा कि वह मूलतः बिहार के बेगूसराय जिले के रहने वाले हैं। माता-पिता दोनों हाईस्कूल में शिक्षक थे और शुरूआत से ही उनका रूझान कला और प्रशासनिक क्षेत्र की तरफ था। इसी को ध्यान में रखते हुए स्कूल की पढ़ाई के बाद कला संकाय से कॉलेज तक की पढ़ाई का सफर पूरा किया फिर स्नातकोत्तर की डिग्री डेल्ही स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की। दिल्ली में रहकर प्रशासनिक सेवा में जाने के लिए तैयारी शुरू की। कलेक्टर ने विशेष कार्यक्रम में जबलपुर के विकास से लेकर नई परियोजनाओं को लाने को लेकर खुलकर अपने विचार रखे।**

यश भारत PRIME TIME WITH ASHISH SHUKLA

## माता-पिता शिक्षक थे, सरकारी स्कूल में पढ़कर कलेक्टर तक का मुकाम हासिल किया

### तीन असफलता के बाद चैथी बार सफलता प्राप्त की

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने प्रशासनिक सेवा में आने के पहले का पल साझा करते हुए कहा कि तीन बार असफलता मिली लेकिन हार नहीं मानी और उसका कारण था कि प्रशासनिक में सेवा जाकर लोगों की सेवा करना। चौथी बार में सफलता प्राप्त की और 56 वीं रैंक प्राप्त की। परीक्षा पास करने की जानकारी जब परिवार के सदस्यों को दी तो सभी खुश हुए क्योंकि पहली बार परिवार का कोई सदस्य प्रशासनिक सेवा में जाकर अपनी सेवाएं देने जा रहा था।

### जबलपुर में सहायक कलेक्टर बनकर ट्रेनिंग शुरू की

कलेक्टर ने बताया कि सबसे पहले प्रशासनिक सेवा में काम करने का मौका मिला जबलपुर में कलेक्टर बनकर ट्रेनिंग शुरू की। सिहोरा में जहां उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी रूप में पूरे एक साल काम किया। मैंने सोचा नहीं था कि जहां ट्रेनिंग शुरू की वहां का कलेक्टर बनूंगा। सिहोरा में अनुविभागीय अधिकारी के साथ सहायक रिटार्निंग अधिकारी रूप में काम किया और चुनाव सम्पन्न कराया। श्री सुमन ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान तत्कालीन कलेक्टर गुलशन बामरा और विवेक पोरवाल का सानिध्य मिला और उनसे बहुत कुछ सीखा। उन्होंने कहा कि जबलपुर में बुहत कुछ बदल गया है। ये कम ही देखने को मिलता है कि जहां पर प्रशिक्षण लिया हो और वहां के आप कलेक्टर बन जाए।



यशभारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में नवागत कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन से विशेष चर्चा

साक्षात्कार विस्तार से देखें यश भारत न्यूज चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर

### जबलपुर विकास के लिए तड़प रहा ,क्या कहेंगे आप?

कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने जबलपुर के विकास के एक सवाल पर कहा कि 10 साल में जबलपुर बदल गया है। विकास की गति कितनी रही है, इस पर हम चर्चा कर सकते हैं। एक उदाहरण देना चाहता हूं कि जब मैं सिहोरा में पदस्थ था उस वक्त जबलपुर आने में डेढ़ घंटे का वक्त लगता था लेकिन अब 40 मिनिट में शहर पहुंच जाते हैं। जबलपुर को लगभग 8 से 10 हजार करोड़ के प्रोजोक्ट मिले हैं जिसमें तत्कालीन कलेक्टर इलैयाराजा टी और नगर निगम आयुक्त ने काम किया है। मेरा भी मानना है कि सबसे पहले मिले हुए प्रोजोक्टों को पूरा किया जाए। मार्च 2023 में प्रोजेक्ट पूरा करना है। जबलपुर को रिंगरोड की बड़ी सौगात मिली है ,इससे शहर की सीमा बढ़ जाएगी । इस कार्य को फरवरी-मार्च तक एनएच को सौंप देंगे। कलेक्टर ने कहा कि सबसे पहले फ्लाईओवर निर्माण को पूरा करना है इस कार्य में पूरा फोकस है बारिश के पहले इस कार्य को पूरा करना है। कार्य पूरा होते ही शहर में यातायात का दवाब कम हो जाएगा।

### टूरिज्म और फिल्मी सिटी के लिए नई परियोजना लाने की जरूरत

कलेक्टर ने कहा कि टूरिज्म और फिल्मी सिटी जैसी परियोजना लाकर हम सभी जबलपुर को आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रयास जारी है कुछ नया करने की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जबलपुर से बहुत कुछ सीखा है ,उसका ऋण चुकाना है। जबलपुर महानगर बने इसके लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### महानगर का स्वरूप ले सभी की इच्छा है

कलेक्टर ने जबलपुर महानगर बनने के एक सवाल पर कहा कि जैसा की सबको मालूम है कि जबलपुर बहुत बड़ा है और प्रशासनिक अधिकारी और शहर के जनप्रतिनिधियों की इच्छा है कि जबलपुर महानगर का स्वरूप ले। औद्योगिक क्षेत्रों के विकास में ध्यान देना होगा। जबलपुर कृषि के क्षेत्र में अच्छा है। यहां मटर अच्छा होता है। गेहूं और धान की पैदावार अच्छी है। कृषि के क्षेत्र में कैमिकल का प्रयोग कम हो इसके लिए किसानों को जागरूक किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि, मां नर्मदा का लंबा तट है उसके लिए भी एक प्रोजेक्ट लाया जाएगा जिससे घाटों को व्यवस्थित किया जा सकेगा। नई सिटी बनाने के लिए काम किया जा रहा है।

# एस पी के हाथों गुमे मोबाइल पाकर खिले चेहरे



## 21 लाख के गुम हुए 151 मोबाईल किये वापस

*जबलपुर यश भारत। आज उन मोबाइल धारकों के चेहरे खुशी से दमक उठे जब उन्हें पुलिस द्वारा उनके गुमे हुए मोबाइल वापस किए गए। आज पुलिस ने 21 लाख के गुमे हुए 151 मोबाईल मोबाईल धारको को दिए । पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के मार्ग निर्देशन में जबलपुर पुलिस की सायबर सेल टीम के द्वारा गुम मोबाईल को तलाश कर मोबाईल धारको को वापस किये जा रहे हैं। एस पी श्री बहुगुणा के हाथों गुमे मोबाइल पाकर उनके चेहरे खिल उठे। वर्ष 2018 में गुम हुए 318 मोबाईल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रूपये है मोबाईल धारकों को वापस किये गये है। वर्ष 2019 में गुम हुए 512 मोबाईल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 63 लाख 25 हजार रूपये है मोबाईल धारकों को वापस किये गये है। वर्ष 2020 में गुम हुए 360 मोबाईल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रूपये है मोबाईल धारकों को वापस किये गये है।वर्ष 2021 में गुम हुए 610 मोबाईल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 63 लाख रूपये है मोबाईल धारकों को वापस किये गये है।वर्ष 2022 के प्रथम चरण में गुम हुए 170 मोबाईल जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 23 लाख रूपये है मोबाईल धारकों को वापस किये गये है।इसी प्रकार वर्ष 2022 कें द्वितीय चरण में आज दिनाँक 05/12/2022 को पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा सायबर सेल के द्वारा तलाशे गये 151 गुम मोबाईलों को तलाश कर धारकों को वापस किये गये जिनकी अनुमानित कीमत लगभग रूपये 21 लाख है।इस प्रकार वर्ष 2022 के दोनों चरणों में कुल 321 गुम मोबाईल तलाश कर धारकों को वापस किये गये जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 44 लाख रूपये है। इसके अतिरिक्त सायबर फॉड संबंधी प्राप्त विभिन्न शिकायतों में वर्ष 2022 में अब तक लगभग 34 लाख 26 हजार 68/- रूपये आवेदकों को वापस कराये गये है। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा ( ने आम नागरिकों से अपील की है कि गुमें हुए मोबाईल की शिकायत संबंधित थाने में करते हुए उस शिकायत की छाया प्रति एवं मोबाईल बिल की छायाप्रति को सायबर सेल जबलपुर के हैल्प लाईन नम्बर 7587616100 पर भेजें ताकि गुम हुए मोबाईल का शीघ्रता से पता करवाया जा सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) समर वर्मा तथा प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक सुश्री शबाना परवेज के मार्ग निर्देशन में गुम हुए मोबाईल की तलाश करने में सायबर सेल के प्रधान आरक्षक नितिन जोशी, आरक्षक अमित पटेल, राजा अजिताय मिश्रा, आदित्य परस्ते, चन्द्रिका पडवार, दुर्गेश दुबे, सौरभ शुक्ला, नवनीत चक्रवर्ती, अभिषेक मिश्रा, भगवान सिंह, अभिदीप भट्टाचार्य, कृष्ण चंद्र तिवारी, दीपक मिश्रा, अरविन्द सूर्यवंशी, आशीष गौर, मनोज चौधरी, अनिल सिंह, अजय सिंह ने इन मोबादलों को ढूढ़ने में सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) ने टीम को नगद पुरूस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की हैं।

# मारुति की टक्कर से एक की मौत ,दूसरा गंभीर

## देर रात बरेला में सड़क हादसा



**जबलपुर यश भारत।** बीती रात बरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनेरी रोड पर बब्बा ढाबा के पास एक मारुति चालक ने बाइक सवार को जबरदस्त टक्कर मार दी इस दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को गंभीर अवस्था में मेडिकल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इस दुर्घटना के संबंध में बरेला पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि हिनोतिया निवासी 22 वर्षीय ऋषभ ठाकुर पिता स्वर्गीय जगन्नाथ ठाकुर एवं 23 वर्षीय आकाश पटेल पिता प्यारेलाल पटेल बाइक में सवार होकर परतला में आयोजित मड़ाई मेला देखने के लिए गए हुए थे रात 11.30 बजे के लगभग जब दोनों बाइक में सवार होकर अपने गांव हिनौतिया आ रहे थे इसी दौरान मनेरी रोड पर बब्बा ढाबा के पहले एक मारुति चालक ने बहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए जबरदस्त टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया दुर्घटना में ऋषभ ठाकुर को गंभीर रूप से चोट आने के कारण दुर्घटना स्थल पर ही अधिक रक्तस्राव गया जिससे उसने कुछ देर के बाद दम तोड़ दिया वही घायल आकाश पटेल को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मारुति चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मरने से पहले जारी किया वीडियो

## ट्रेन से कटकर दे दी जान

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां एक 38 वर्षीय व्यक्ति ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली । पुलिस के अनुसार मड़ई निवासी धर्मेंद्र केवट द्वारा थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसका भाई लापता है और आत्महत्या कर सकता है जिस के संबंध में उसने एक वीडियो भी अपने मोबाइल में अपलोड किया हुआ है ,इसके बाद जांच पड़ताल की गई तो जय कुमार केवट का शव रांझी के पास रेलवे ट्रैक पर मिला पूरे मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है

# ठंड से युवक ने तोड़ा दम

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर जिले में ठंड से मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। बरेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदिरा निवासी 22 वर्षीय मिलन सिंह मरावी की ठंड लगने से मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है इस संबंध में पुलिस ने बताया कि इंदिरा पिपरिया निवासी 22 वर्षीय मिलन सिंह मरावी शराब पीने का आदी वह गांव के पास मढई देखने के लिए गया हुआ था था रात को उसने जहां पर उसने जमकर शराब पी और शराब के नशे के कारण रात को घर नहीं पहुंचा आज सुबह उसकी लाश को जब ग्रामीणों ने पड़े हुए देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है।



# समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक जारी

**जबलपुर यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में आज समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक जारी है । बैठक में जिला पंचायत की सीईओ डॉ. सलोनी सिडाना, नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ , अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा एवं सुश्री विमलेश सिंह तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद है।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)